न्यूज ब्रीफ

## मारपीट और गाड़ी क्षतिग्रस्त करने का मुकदमा दर्ज

**रसूलाबाद।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के गांव खिरिया निवासी एक व्यक्ति ने तिसाह डोमन निवासी सात लोगों के विरुद्ध 3 मार्च की शाम सात बजे गाड़ी से सामान लेकर वापस लौटते समय रास्ते में घेर कर उसके वाहन को क्षतिग्रस्त करने और विरोध करने पर मारपीट करने एवं जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। इसके विरोध में दूसरे पक्ष ने भी मारपीट करने की रिपोर्ट दो लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई है। खिरिया निवासी सौरभ यादव उर्फ पारुल ने पुलिस को बताया कि गत 3 मार्च शाम 7बजे वह अपना सामान गाड़ी से लेकर वापस अपने गांव खिरिया जा रहा था। रास्ते में तिसाह डोमन निवासी समीर अली ,उनके पुत्र साबिर अली, इकरार मनोज गुप्ता , अमरदीप राठौर, साहेब आलम व आकाश बेरिया ने उसके वाहन को रास्ते में रोक लिया और उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। विरोध करने पर उसे अपशब्द कहे और मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। तब वह इसकी रिपोर्ट दर्ज कराने थाने आया है। इसके विरोध में तिसाह डोमन निवासी साबिर अली ने खिरिया निवासी विकास व प्रांशु के विरुद्ध अकारण अपशब्द कहने, विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि दोनों ही पक्षों की रिपोर्ट संबंधित धाराओं में दर्ज कर ली गई है। इसकी विवेचना बिरहुन चौकी प्रभारी जेपी सिंह करेंगे।

## बलिदानियों की स्मृति में आज होगा सभा का आयोजन

**रसूलाबाद।** शुक्रवार को कठिका सकर्सी मिंडा कुआं में दिन में 2 बजे स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानियों की स्मृति में गौरव सभा आयोजित की गई है। आयोजक सुरेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि 1857 के विद्रोह में अंग्रेजों को सकर्सी कहिंजरी रसूलाबाद के राजा अमर शहीद राजा दरियाव चंद्र ने कड़ी टक्कर दी थी। उन्होंने रियासत को साथ लेकर 18 दिनों तक तहसील का खजाना अपने क़ब्ज़े में लेकर अपनी सेना को अधिक सक्षम बनाया। इसके साथ ही आसपास के क्षेत्र में अंग्रेजों की नाक में दम कर दिया था। उन्होंने कालपी के युद्ध में तात्या टोपे का सक्रिय सहयोग किया जो अंग्रेजी शासन के लिए कड़ी चुनौती बने। जन क्रांति में वे केवल राजा नहीं थे उन्होंने आम किसानों और ग्रामीणों को एकजुट कर जन विद्रोह का रूप दिया। उनकी स्मृति में और इतिहास के पन्नों के अनाम वीरों को इस अवसर पर याद किया जाएगा।

## देश को सशक्त बनाने के लिए भुलाएं आपसी भेदभाव

**रसूलाबाद।** भक्ति की शक्ति और सत्य की विजय के रंगों के इस होली पर्व पर हम सभी आपसी भेदभाव को पीछे छोड़कर समाज में एकजुटता लाकर अपने देश को समर्थ एवं सशक्त बनाने का संकल्प लें। यह बात आरएसएस खंड रसूलाबाद के खंड कार्यवाह ओमेंद्र ने कहिंजरी की संत कबीर शाखा में आयोजित होली मिलन समारोह के मौके पर स्वयं सेवकों से कहीं। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता एवं सद्भाव का प्रतीक होली का महोत्सव विविधता में एकता को प्रदर्शित करता है . यह पर्व जाति, पंथ, मत,एवं सम्प्रदाय के भेद से ऊपर उठकर समानता के सिद्धांत को मज़बूत करता है। उन्होंने कहा कि इस समय देश के भीतर जिस प्रकार से विभिन्न विषयों पर जातीय द्वेष को बढ़ाकर कुछ स्वार्थी तत्व देश की एकता के ताने-बाने को कमजोर करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे देशविरोधी तत्वों से सतर्क रहकर एक स्वयंसेवक होने के नाते हमें समाज को भी सावधान करना होगा। खंड कार्यवाह ने युवाओं से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़कर देश सेवा में सक्रिय योगदान देने का आवाहन किया। संघ की प्रार्थना एवं ध्वज प्रणाम के पश्चात सभी स्वयंसेवको ने एक दूसरे के गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मुख्य शिक्षक अंकित, गण शिक्षक कन्हैया, खुशी, श्रेया, गोल्डी, पिंटू, राज, मोनू, अक्षत,पायल,कौशिक, आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## रनियां कस्बे में चली लाठियां, पांच घायल दो की हालत गंभीर

**रनियां।** रनियां कस्बे में भी मामूली कहासुनी पर हुए विवाद में चले लाठी-डंडे में दोनों पक्षों के पांच लोगों को चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कालेज भिजवाया जहां डाक्टरों ने 2 को कानपुर रेफर कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष रनियां दिनेश कुमार गौतम ने बताया कि दोनों पक्षों में अभी तक लिखित तहरीर पुलिस को नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# बग्घी पर सवार होकर उमा को ब्याहने निकले भोले बाबा

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचारः** कस्बा शिवली में महाकालेश्वर मंदिर पर धूमधाम के साथ 49 वां शिव उमा परिणय समारोह मनाया गया।

भैया दूज के अवसर पर निकलने वाली शिव बारात में बग्घी पर सवार होकर भूतभावन भोलेनाथ उमा को ब्याहने गुरुवार की दोपहर निकले। भगवान भोलेनाथ की प्राचीन बारात महाकालेश्वर मंदिर से निकली। शिव बारात को समाजसेवी वतनराज अग्निहोत्री व कार्यक्रम अध्यक्ष विकल्प तिवारी ने भगवान शंकर की आरती उतारकर रवाना किया। वहीं शिव बारात को देखने के लिए गली गली में भारी जन सैलाब उमड़ पड़ा। हर तरफ हर हर महादेव बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। जागेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान शंकर ने मां पार्वती के साथ ब्याह रचाया। होली पर्व पर पूरे नगर का वातावरण शिवमय बना रहा। शिव बारात में राम सीता, काली मां,ब्रह्मा जी, विष्णु भगवान,हनुमान जी,नारद जी मां सरस्वती समेत सभी देवी देवताओं की सुंदर झांकियां भी निकाली गई। शिव बारात कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए साकेत धाम जागेश्वर धाम पहुंची । शिव बारात में प्रमुख रूप से शिव उमा परिणय समारोह के अध्यक्ष विकल्प तिवारी,समाजसेवी वतनराज अग्निहोत्री,सुरेश दीक्षित,सभासद साहुल दीक्षित,विशाल तिवारी, वीरू मिश्रा, सौरभदीप तिवारी, बलदेव तिवारी, अनिल वर्मा, सौरभ वर्मा,आदित्य दीक्षित,पन्नालाल दिवाकर,छोटू यादव,दुर्गेश शुक्ला, रमाकान्त अग्निहोत्रीर समेत सैकड़ों की तादात में शिव भक्त मौजूद रहे। शिव बारात की सुरक्षा व्यवस्था हेतु उपजिलाधिकारी राजकुमार पांडेय शिवली कोतवाल अमरेंद्र बहादुर सिंह,अपराध निरीक्षक शीलेन्द्र सिंह यादव,कस्बा प्रभारी आनन्द पांडेय,,विष्णु सिंह समेत भारी तादाद में पुलिस बल उपस्थित रहा।


शिव की झांकी की आरती उतारते आयोजक।। अमृत विचार

- शिवली कस्बे की अनोखी शिव बारात में बड़ी संख्या में जुटे लोग

### भोले की निकली है बारात, आज मोहे नाचन दे

- शिव बारात में बारातियों के रूप में मौजूद युवक बैंड बाजे की धुन पर झूम कर नाचे। बाराती बने शिवभक्त बाबा भोले की निकली है बारात आज मोहे नाचन दे गीत पर थिरकते हुए चलते रहे। बैड बाजे पर नाचते गाते शिवभक्तों को देखने के लिए भी लोग जुट गए। कौशल तिवारी,राजकुमार वर्मा ने बताया कि करीब पचास वर्ष पूर्व शिव बारात निकली थी। उस समय बारात में देवताओं की झांकियां व बाराती बैलगाड़ी पर सवार होकर निकलते थे। अब समय बदल गया है। बारात में शिव का अभिनय अश्विल अग्निहोत्री, पार्वती आर्यन त्रिवेदी, राम हिमांशु अग्निहोत्री, लक्ष्मण नैतिक तिवारी, भरत आशुतोष, कृष्ण देवं द्विवेदी बलराम शौर्य तिवारी काली माता की भूमिका बाबूलाल ने भूमिका निभाई।

### दिन में शिव विवाह रात में राम विवाह

- होली के बाद दूज को जहां दिन में शिव उमा परिणय समारोह का आयोजन महाकालेश्वर मंदिर पर किया गया। वही रात में धनुष भंग आयोजन में राम विवाह का आयोजन किया गया है। इस अनोखे आयोजन को देखने के लिए दूर-दूर से लोग जुटते हैं। धनुषभंग में नामीगिरामी कलाकारों को आमंत्रित किया गया है।

## 35 क्वार्टर अवैध शराब के साथ दो को पकड़ा

**रसूलाबाद।** होली पर्व के दौरान गश्त पर निकले असालतगंज चौकी प्रभारी केशव देव ने एक व्यक्ति को अवैध देसी शराब ले जाते पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम चंद्रभान निवासी हरिश्चंद्र निवादा मजरा बहादुरपुर थाना रसूलाबाद बताया है। उसके कब्जे से 19 क्वार्टर देसी शराब ट्विन टावर ब्रांड मिली है। इसी तरह, तिश्ती चौकी प्रभारी बृजेश कुमार ने भी एक व्यक्ति को अवैध शराब ले जाते पकड़ लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम चाट निवादा निवासी बउना सविता बताया है। उसके कब्जे से टेट्रा देसी शराब ट्विन टावर ब्रांड 16 क्वार्टर शराब बरामद हुई है। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति को आबकारी अधिनियम के तहत जेल भेजा गया है ।

# होली पर मारपीट की कई घटनाएं और फायरिंग, बुजुर्ग की हुई मौत

## बाजार में बैठे बुजुर्ग पर लाठियों-सरियों से किया हमला, मौत होने तक पीटा

संवाददाता, रनियां

**अमृत विचारः** रंग पर्व होली पर रनियां व गजनेर थाना क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों में मामूली कहासुनी तथा नशेबाजी में जमकर लाठी डंडे और अवैध तमंचे से फायरिंग की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कालेज भिजवाया जहां एक बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने गैर इरादतन हत्या सहित छेड़छाड़, गाली गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी व एससी एसटी एक्ट और आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।


चंद्रपाल।

गजनेर थाना क्षेत्र के निनाया गांव निवासी चंद्रपाल (75वर्ष) मंगलवार को निनाया बाजार में बैठे हुए थे। आरोप है कि गांव के ही संतोष पुत्र बदलू, कल्लू पुत्र प्रकाश, विजय पुत्र गोवर्धन तथा दो अज्ञात लोगों ने मामूली कहासुनी पर चंद्रपाल पर लाठी डंडे और सरिया से हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए गजनेर सीएचसी भिजवाया जहां डाक्टरों ने उन्हें बुधवार की दोपहर छुट्टी दे दी। घर पहुंचने के कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भिजवाया। अन्य घटना अहमदपुर स्योंदा गांव में होली पर घटित हुई जहां मामूली कहासुनी खूनी संघर्ष में बदल गई और देखते ही देखते दो वर्गों के दर्जनों लोग हाथों में लाठी डंडे लेकर सड़क पर उतर आए।


घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस। अमृत विचार

घटना में कई लोगों को गंभीर चोटें आईं और तमाम वाहनों पर हुए पथराव से शीशे टूट गए। पुलिस ने अभी तक एक पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। वादी शिवम पुत्र लालता की तहरीर पर 7 नामजद व 2 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

एक अन्य घटना में गंगरौली गांव में भी नशेबाजी में हुए विवाद में एक पक्ष की ओर से अवैध तमंचे से फायरिंग कर दहशत फैला दी गई। हालांकि ग्रामीणों ने आरोपितों को पकड़ कर तमंचा छिना कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। वादी किशन पुत्र भारत की तहरीर पर सत्यम व शिवम तिवारी व 2 अन्य के खिलाफ बलवा, मारपीट, एससी एसटी एक्ट और आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है। वहीं मनेथू गांव में भी छेड़-छाड़ से मना करने पर हुई लड़ाई में भी मार-पीट हुई। वादी सुशील कुमार की तहरीर पर 13 नामजद व 2 अज्ञात लोगों के खिलाफ छेड़छाड़, बलवा, मार-पीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष गजनेर शिवप्रताप सिंह ने बताया कि निनाया गांव में बुजुर्ग की मौत पर गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया।

# त्योहार पर घर आए युवक की संदिग्ध हालात में मौत, कोहराम

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचारः** गुरुवार को मैजू समस्तपुर निवासी एक युवक रिवरी मोड पर एक खेत में संदिग्ध अवस्था में मृत पड़ा मिला। उसकी बाइक उसके ऊपर थी। उसे उसके परिजन सीएचसी रसूलाबाद लाए। वहां डॉक्टर ने उसे मृत बताया। इसकी सूचना सीएचसी वालों ने मेमो से पुलिस को दी है। ।


शिवा।

मैजू समस्तपुर निवासी गोरेलाल ने बताया कि उसका पुत्र शिवा 20 वर्ष राजस्थान में रहकर गन्ने का रस बेचने का काम करता था। उसने दो वर्ष पूर्व रोशनी से कोर्ट मैरिज की थी जिससे उसके एक पुत्री मानवी लगभग दो वर्ष है। रविवार एक मार्च होली को वह पत्नी सहित घर पर आया था। यहां उसने नई बाइक खरीदी थी। उसकी पत्नी रोशनी ने बताया कि आज गुरुवार को उससे उसका कुछ विवाद हुआ। इसके बाद वह अपने मित्र अंकित के साथ बाइक लेकर चला गया। लगभग 1:30 बजे फिर वापस लौट आया। इसके बाद फिर वह कहीं चला गया। बाद में रिवरी रोड पर मोड़ के समीप एक खेत में वह मृत अवस्था में पड़ा मिला । उसके ऊपर उसकी बाइक पड़ी थी। इसकी जानकारी पाकर स्वजन उसे तत्काल सीएचसी रसूलाबाद लाए।


सीएचसी में घटना की जानकारी करते बिरहुन चौकी प्रभारी। अमृत विचार

उसकी असामायिक मौत पर उसके घर में कोहराम मच गया है। उसके पिता गोरेलाल, मां सरला देवी, भाई गोविंद, धर्मेंद्र, बहन शशि का रो रोकार बुरा हाल है। अभी 2 महीने पूर्व ही उसके एक और भाई की भी मौत हो गई थी। सीएचसी में डॉक्टर ने उसे मृत बताया। सीएचसी से भेजे मेमो से मिली सूचना के पर मौके पर पहुंचे बिरहुन चौकी प्रभारी जेपी सिंह को मृतक के पिता गोरेलाल व पत्नी रोशनी ने उपरोक्त सारी जानकारी दी और पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया किंतु पुलिस के समझाने पर वह पोस्टमार्टम को तैयार हो गए। बिरहुन चौकी प्रभारी जेपी सिंह ने बताया कि मेमो के आधार पर वे मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझा बुझाकर शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के पश्चात ही कुछ कहा जा सकेगा।

# दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत, एक घायल

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार।** रसूलाबाद बेला रोड पर बिलहा के समीप बुधवार को दो बाइक सवारों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई।

पूरन पुरवा निवासी रविंद्र कुमार (45) बुधवार को बाइक से रसूलाबाद आ रहे थे। इसी दौरान रसूलाबाद बेला रोड पर सामने से आ रहे बाइक सवार की उनकी बाइक से भिड़ंत हो गई जिसमें दोनों ही बाइके बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों सवार घायल होकर गिर पड़े। इसकी सूचना पाकर पुलिस दोनों घायलों को सीएचसी रसूलाबाद लाई। जहां उनकी गंभीर दशा के चलते डॉक्टर दिलदार हाशमी ने उन्हें हैलट कानपुर रेफर किया है। इनमें रविंद्र कुमार ने कल्याणपुर के निकट दम तोड़ दिया। इस पर उसके स्वजन उसके शव को अपने घर ले गए और पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया।

परिजनों ने उसके शव का गुरुवार को कन्नौज स्थित गंगा घाट जाकर दाह संस्कार कर दिया। उसकी असामयिक मौत पर उसके पिता रामनरेश ,मां पुष्पा देवी, पत्नी अनीता देवी, पुत्र रोहित व अंश, तीनों पुत्रिया ,भाई अजय ,सुनील व जीतू का रो रोकर बुरा हाल है। दूसरा बाइक सवार शिवम (23) पुत्र प्रदीप कुमार निवासी दिबियापुर औरैया बाइक से बिलहा स्थित अपने मित्र से मिलने जा रहा था। उसकी भी गंभीर दशा के चलते डॉक्टर दिलदार हाशमी ने उसे हैलट कानपुर रेफर किया है।

# इटैली गांव में बंबे में डूबा चार साल का बच्चा, परिजनों में कोहराम

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार।** होली पर अपने गांव इटैली आया चार वर्षीय बच्चा नहाते समय बंबे में डूब गया। जानकारी पर परिजन उसे निकाल कर तत्काल सीएचसी रसूलाबाद ले गए किंतु उसने रास्ते में दम तोड़ दिया।

इटैली निवासी राम सिंह यादव अपने बड़े पुत्र जनार्दन के साथ होली पर्व पर मथुरा गए हुए हैं। उनका छोटा पुत्र छुटकई उर्फ विष्णु प्रताप अपनी पत्नी व एक वर्षीय पुत्री के साथ अपने ससुराल चला गया। वह इस समय अपने परिवार के साथ बांगरमऊ में रहता है। छुटकई का पुत्र वासु चार वर्ष अपने ताऊ जनार्दन के घर गांव इटैली आया था। बुधवार सुबह वासु गांव के बच्चों के साथ बंबे में नहाने के लिए गया। वह बम्बे में उतरते समय ही अचानक तेज बहाव में बह गया। इस पर साथी लड़के मौके से भाग आए। काफी देर तक वासु के घर न लौटने पर उसकी ताई और ताऊ ने उसकी खोजबीन की और बम्बे के किनारे लगे सीसीटीवी कैमरे में उसे देखा गया तो उसके पानी में डूबने की जानकारी हुई। इस पर इटैली माइनर का पानी नहर से रोका गया। काफी देर खोजबीन के बाद वह गोपालपुर पुल के निकट मिला। घर वाले उसे तत्काल उपचार के लिए सीएचसी रसूलाबाद ले गए किंतु उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इस पर स्वजन उसके शव को घर ले आए। इस असामायिक घटना से घर में कोहराम मच गया है। होली की खुशियां मातम में बदल गई है। इकलौते बेटे की मौत पर छुटकई के घर का चिराग बुझ गया है। छुटकई और उसकी पत्नी बेटे की मौत का समाचार पाकर तत्काल अपने मायके से इटैली आई। इसके साथ ही मृतक के बाबा राम सिंह और तू जनार्दन भी मथुरा से तत्काल वापस घर आए। बच्चों की असमय की मौत पर उसके पिता छुटकई, मां ,बाबा राम सिंह, ताऊ जनार्दन आदि का रो रो कर बुरा हाल है। असालतगंज चौकी प्रभारी केशव देव बताया कि बच्चे के घर वालों ने पिता ,बाबा और ताऊ के आने पर ही किसी कार्रवाई की बात कही।

- सीसीटीवी कैमरे से घटना के बारे में लगी जानकारी

# फाग गायन के दौरान राजमिस्त्री की बिगड़ी तबीयत, हो गई मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** जनपद के बरौर थाना क्षेत्र में होलिका दहन के बाद हो रहे फाग के दौरान एक अधेड़ की मौत हो गई।

घटना गांव मुंडेरा में हुई। यहां के निवासी सुदामा प्रसाद 55 वर्ष के बारे में बताया गया कि वह राजमिस्त्री का काम करते थे। मृतक के बेटे पंकज की पत्नी अर्चना गौतम ने बताया कि बुधवार शाम करीब छह बजे गांव के बाहर होलिका दहन स्थल पर फाग कार्यक्रम की शुरुआत हुई थी। ग्रामीण फाग गाते हुए पूरे गांव में भ्रमण कर रहे थे। सुदामा प्रसाद भी इस कार्यक्रम में शामिल थे। बताया जाता है कि फाग गाते हुए लोग जब गांव के रज्जू सचान के घर के पास पहुंचे तो सुदामा प्रसाद वहां पड़ी एक चारपाई पर जाकर लेट गए। कुछ देर बाद जब उनके शरीर में कोई हलचल नहीं हुई तो लोगों को संदेह हुआ।

इसके बाद परिजन और ग्रामीण उन्हें तत्काल मुंगीसापुर स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए। वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किए जाने के बाद परिजन शव को घर ले आए। इस दौरान परिजनों को हल्की सांस होने की आशंका हुई। इस पर परिजन उन्हें निजी वाहन से दोबारा जिला अस्पताल ले जाने के लिए निकले लेकिन गांव के बाहर से ही शव लेकर पुनः वापस आ गए। घटना के बाद परिजनों ने सुदामा प्रसाद की मौत को लेकर गंभीर आशंकाएं जताई हैं।

रंगोत्सव | रंग लगाने को निकलीं युवाओं और महिलाओं की टोलियां

# उत्साह से मनाया होली और भाई दूज का पर्व

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचारः** रंगों का पर्व होली जिले भर में जोश के साथ मनाया गया। लोगों ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाया और पर्व की शुभकामनाएं दीं। बच्चों ने रंग भरी पिचकारी से दोस्तों को तर बतर कर डाला। घरों में त्योहार के खास पकवान गुझिया, चिप्स, पापड़ आदि बने। होली के अगले दिन गुरूवार को भाई दूज का त्योहार मना। बहनों ने भाई के मस्तक पर टीका लगाया और उनकी लंबी आयु की कामना की। भाइयों ने बहनों को शगुन में उपहार भेंट किए और उनकी रक्षा का संकल्प लिया।

चंद्र ग्रहण के कारण होली का त्योहार मंगलवार की जगह बुधवार को मनाया गया। सोमवार की रात 12 बजे के बाद होलिका दहन का मुहूर्त था। इसी के अनुसार मंगलवार को तड़के तक अलग अलग जगहों की होलिकाओं का दहन किया गया। इसके बाद बुधवार को होली मनाई गई। रंगों के के इस त्योहार को लेकर चौतरफा खुशियां नजर आई। लोगों ने एक-दूजे को अबीर गुलाल लगाया और पर्व की शुभ कामनाएं दीं। युवाओं की टोली शहर में घूमती रहीं। सभी पर रंगों की बौछार की। महिलाओं में भी त्योहार का खासा क्रेज दिखा। सामाजिक संस्था सेवा की संस्थापिका कंचन मिश्रा अपनी सहेलियों के साथ अलग-अलग घरों पर गईं और महिलाओं को रंग लगाया। जिले भर में शाम तक त्योहार की धूम रही। शाम को रंग हटाने के बाद लोगों ने एक-दूसरे के घरों पर दस्तक दी और बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त किया। यह सिलसिला देर रात तक चला।

दूसरी तरफ, गुरूवार को भाई-बहन के पवित्र प्रेम का पर्व भैया दूज उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। बहनों ने भाइयों का तिलक कर मुंह मीठा करवाया तथा अपनी रक्षा का वचन लिया। बहनों ने रीति रिवाज के अनुसार पूजन अर्चन किया। इसके बाद भाइयों को तिलक लगाकर मिठाई खिलाई। भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट किए। भैया दूज के मौके पर शहर के अलग-अलग मोहल्लों में खासी चहल-पहल दिखाई दी। रसूलाबाद में होलिका दहन और धूलिवंदन होली के उपरांत गुरुवार को भ्रातृ द्वितीया का पर्व घरों में मनाया गया। इस अवसर पर भाई अपने बहनों के घर गए और बहनों ने अपने भाई के तिलक कर उनसे रक्षा का संकल्प लिया। भाइयों ने अपनी बहनों को भेंट भी दी। भाई और बहन के असीम स्नेह और प्यार के इस पर्व के चलते बाजारों में भी चहल पहल रहीं। आवागमन के वाहनों में भी खासी भीड़ रही।


होली में सहेलियों संग महिलाओं को रंग लगातीं कंचन मिश्रा। अमृत विचार


भाई को तिलक करती बहन।

# रसूलाबाद में पति की मौत के तीसरे दिन फांसी पर झूली विवाहिता,कोहराम

संवाददाता, रसूलाबाद

**अमृत विचार।** रसूलाबाद थाना क्षेत्र के ब्राह्मण गांव में एक गर्भवती विवाहिता ने पति के तीन दिन पूर्व गुड़गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो जाने पर बुधवार को घर के कुंडे में साड़ी की लेश से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर अपनी जान दे दी। परिजनों ने इसकी सूचना यूपी 112 डॉयल कर पुलिस को दी। पुलिस फॉरेंसिक टीम सहित मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ब्राह्मण गांव निवासी राम नंदिनी 25वर्ष बुधवार को घर के कमरे में पंखे के कुंडे में साड़ी के लेस से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। ग्रामीणों की माने तो मृतका ने अपने पति राहुल वर्मा 21 पुत्र रामपाल वर्मा के साथ लव मैरिज की थी। मृतका पति गुड़गांव में प्राइवेट नौकरी करता था जहां एक मार्च को संदिग्ध परिस्थितियों में उसकी मृत्यु हो गई। चर्चा थी कि उसने वहां आत्महत्या कर ली थी। दो मार्च को उसका शव गांव में आया। उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया था। तभी से मृतका परेशान थी। दामाद के मर जाने की सूचना पाकर जमनियापुर थाना सौरिख निवासी उसकी मां व भाई सुमित कुमार यहीं आए थे। होली पर्व के कारण मां अपने घर चली गई थी। भाई सुमित यही रुका था। बहन की बेचैनी देखकर उसकी बराबर निगरानी की जा रही थी।


पति के साथ राम नंदिनी की फाइल फोटो।

बुधवार दोपहर होली के कारण संवेदना में गांव की महिलाओं के आने के कारण सास घर के बाहर बैठी थी। इसी दौरान लघु शंका की बात कहकर मृतका घर के अंदर गई किंतु उसके साथ-साथ उसकी 11 वर्षीय ननद भी गई। जब उसने भाभी को बाथरूम में जाते देखा तो वह लौट आई किंतु उसके काफी देर बाद जब उसकी भाभी नहीं लौटी तो घर में जाकर अंदर देखा जहां उसे फांसी पर लटके देखकर उसकी चीख निकल गई। इस पर घर में कोहराम मच गया। इसकी सूचना यूपी 112 डायलकर पुलिस को दी गई। सूचना पाकर फॉरेंसिक टीम सहित थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर गए और आवश्यक कार्रवाई के उपरांत शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। थाना प्रभारी शिवनारायण सिंह ने बताया की यूपी 112 डायल पर मिली सूचना के आधार पर फॉरेंसिक टीम की जांच के बाद शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया।

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.

•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT

दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में

सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य

117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर

9889538233, 7880306999




**इफ्तार**
शुक्रवार शाम
सुन्नी: 6:16
शिया: 6:24

**सहरी**
शनिवार सुबह
सुन्नी: 5:05
शिया: 4:57

पैगम्बर मोहम्मद साहब ने फरमाया : जन्नत का दरवाजा खटखटाया करो, लोगों ने पूछा कि किस चीज से, आपने फरमाया कि भूख से।

दीन दयाल सनातन धर्म विद्यालय में विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए होगी बैठक

# संगठन, सरकार और संघ में आज एकजुटता के लिए होगा मंथन

विशेष संवाददाता, कानपुर

। भाजपा और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के दिग्गज नेता शुक्रवार को आजादनगर स्थित दीन दयाल विद्यालय में कई मुद्दों पर मंथन करके विधानसभा चुनाव-2027 के लिए रणनीति तय करेंगे। इस महत्वपूर्ण समन्वय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचारक अनिल, प्रांत प्रचारक कृपा शंकर, कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र के अध्यक्ष प्रकाश पाल सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे। कार्यक्रम की सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। बैठक का समय पूर्वाह्न 11 से मध्याह्न 2 बजे तक रखा गया है।

भाजपा और संघ की समन्वय बैठक में प्रदेश के शीर्ष नेता कई विषयों पर विचार-विमर्श के साथ यह तय करेंगे कि किस तरह आपसी मतभेद मिटाकर एक होकर काम किया जाए। गुटबाजी कैसे खत्म हो और सभी लोग मजबूती से पार्टी के लिए एकजुट हो जाएं। इधर, संगठन और सरकार के बीच मतभेद और तनातनी की खबरें खूब सामने आई हैं। गुटों में बंटे भाजपा नेताओं की आपसी लड़ाई भी सुर्खियां बनी हैं। इस सब को रोकने के लिए ही गहन मंथन होगा और आगे की गाइड लाइन तय की जाएगी।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।



प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी।



आयोजन स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

- मुख्यमंत्री भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी और संघ के क्षेत्र प्रचारक रहेंगे मौजूद
- संगठन-सरकार के बीच सामंजस्य, गुटबाजी, मतभेदों पर भी होगी चर्चा

### समन्वय के लिए छह टीमें बनीं

विधानसभा चुनाव की तैयारी में भाजपा और संघ की ओर से समाज को जोड़ने के लिए छह टीमें बनाई गई हैं और इसकी दो बैठकें भी हो चुकी हैं। ये टीमें अलग-अलग मंडलों में बैठकें कर रही हैं। इसमें कामकाज की समीक्षा के बाद रणनीति तैयार की जा रही है। बैठक में संघ के शताब्दी वर्ष के दौरान चल रहे कार्यक्रमों की भी समीक्षा होगी।

### तैयारी को अंतिम रूप दिया गया

बैठक की तैयारी में दीन दयाल विद्यालय और आसपास सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। नगर निगम, पुलिस और अन्य विभागों की टीमें गुरुवार को दिन भर सफाई, सुरक्षा तथा आवश्यक प्रबंध करने में जुटी रहीं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर इंतजाम का जायजा लिया।

**यूजीसी और शंकराचार्य मुद्दे पर भी चर्चा:** सूत्रों की माने तो बैठक में यूजीसी और शंकराचार्य अविमुक्तरेश्वरानंद के मुद्दे पर हुए विवाद पर भी चर्चा कर आगे की रणनीति तय की जा सकती है। 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए गहन चिंतन और विमर्श के बाद समन्वय प्लान तय किया जाएगा। हिंदू एकता पर फोकस रखते हुए यह भी तय होगा कि संघ और भाजपा मिलकर ऐसी रणनीति बनाएं, जिससे हिंदुत्व को धार देते हुए सामाजिक समरसता पर खास ज़ोर दिया जाए।



**होली है** शहर में 4 मार्च को होली का रंग जमकर उड़ा। शहर भर में होरियारों ने रंगों की बारिश की। आर्यनगर में कपड़ा फाड़ होली हुई।

-विशेष पेज पेज-IV पर

# कोर्ट के आदेश पर बैंक मैनेजर और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महिला के खाते से तीन बार में 4.95 लाख निकले
- न किसी को ओटीपी दी और न कोई लिंक खोला

**अमृत विचार।** किदवईनगर में महिला के बैंक खाते से तीन बार में 4.95 लाख रुपये निकल गए। पता चलने पर थाने में महिला की सुनवाई नहीं हुई तो कोर्ट के आदेश पर शाखा प्रबंधक समेत अज्ञात शातिर के खिलाफ धोखाधड़ी व साइबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि न किसी को ओटीपी दी और न ही कोई लिंक खोला। इसके बावजूद खाते से रकम कैसे निकली।

केशवनगर डब्ल्यू ब्लॉक निवासी मनोज कुमार की पत्नी रत्ना सक्सेना ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनका निरालानगर स्थित पंजाब नेशनल बैंक शाखा में खाता है और वह खाते में सिर्फ चेकबुक का इस्तेमाल करती हैं। आरोप है कि 12 जुलाई 2024 की शाम उनके खाते से तीन बार में कुल 4.95 लाख रुपये निकाल गए। मैसेज मिलने पर उन्हें घटना की जानकारी हुई। जिसके बाद उन्होंने तुरंत बैंक के अलावा पुलिस को सूचना दी। आरोप है कि साइबर ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए उन्होंने किदवई नगर थाने के कई चक्कर लगाए, लेकिन पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया। इसके बाद उन्होंने डीसीपी साउथ, पुलिस कमिश्नर कार्यालय जाकर शिकायत की, फिर भी सुनवाई नहीं हुई। पीड़िता के अनुसार उन्होंने बैंकिंग लोकपाल में शिकायत दर्ज कराई तो जांच में सामने आया कि दो लाख रुपये गुरुग्राम खाते में ट्रांसफर हुए हैं, जबकि शेष 2.95 लाख रुपये किसी महिला के खाते में भेजे गए। संबंधित खातों से पूरी रकम निकाल ली गई है। सभी खाते डिजिटल तरीके से खोले गए थे और ई-केवाईसी के तहत सत्यापित बताए गए हैं। किदवईनगर थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम के अनुसार कोर्ट के आदेश पर शाखा प्रबंधक और अज्ञात ठग के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## सिटी ब्रीफ

### संदिग्ध हालात में दो बाइकों में लगी आग

**कानपुर।** ग्वालटोली में पंजाब नेशनल बैंक के पास खड़ी दो बाइकों में अचानक आग लग गई। लपटें व धुआं उठता देखकर मोहल्ले के लोगों ने पानी फेंककर किसी तरह आग बुझाई। आग पर काबू पाया, तब तक बाइकें जल चुकी थीं। गांधीनगर पीरोड निवासी प्रशांत अवस्थी ने बताया कि त्योहार पर बुधवार को अपने दोस्त से मिलने ग्वालटोली आए थे। दोस्त के घर के बाहर उनकी बाइक खड़ी थी। उनकी बाइक के बगल में दूसरी बाइक भी थी। कुछ देर बाद बाइक से धुआं निकलता देखकर लोगों ने आग बुझाई, लेकिन तब तक दोनों बाइक जल चुकी थीं।

### फंदे पर लटका मिला फैक्ट्रीकर्मी का शव

**कानपुर।** पनकी के नौरैयाखेड़ा निवासी 33 वर्षीय फैक्ट्री कर्मी हरिराम का शव फंदे से लटका मिला। मूलरूप से हरदोई के माधौगंज मिर्जागंज निवासी हरिराम तीन साल से नौरैयाखेड़ा स्थित पान-मसाला फैक्ट्री में काम करता था और आवासीय परिसर में रहता था। परिवार में पत्नी पूनम और दो भाई बुध प्रकाश और हरिशचंद्र हैं। दोनों भाइयों ने बताया कि बुधवार होली पर साथी कर्मचारियों ने साथ खाना बनाया था। इसके बाद वह कमरे में चला गया और काफी देर बाद भी बाहर नहीं आया। साथियों ने खिड़की से झांककर देखा तो उसका शव फंदे पर लटकता मिला।

### छह किलो गांजा समेत दो तस्कर दबोचे

**कानपुर।** नौबस्ता पुलिस ने गुरुवार तड़के तिवारी चौराहा के पास चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो तस्करों को दबोचा और उनके पास से 6.355 किग्रा गांजा बरामद किया है। थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान बाइक सवार दो युवक को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम कानपुर देहात के रुरा बटुईपुरवा निवासी नितिन और शिवली के मरहमताबाद गांव निवासी पुष्पेंद्र यादव उर्फ राहुल बताया है। तलाशी में उनके पास से गांजा बरामद हुआ। पुष्पेंद्र पर शिवली थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। नितिन का हाल पता हनुमंत विहार के खाडेपुर है। दोनों को जेल भेजा गया है।

### भीतरगांव के खंड विकास अधिकारी हटाए गए

**कानपुर।** भीतरगांव ब्लाक के खंड विकास अधिकारी बलराम सिंह को उनकी लापरवाही के चलते हटा दिया गया है और उन्हें मुख्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। बताते चलें कि खंड विकास अधिकारी को कई बार उनकी लापरवाही चलते सुधरने के लिए चेतावनी एवं नोटिस दी गई लेकिन उसके बाद भी वे नहीं सुधरे। कई बार जिलाधिकारी से भी शिकायत की गई। जब खंड विकास अधिकारी की शिकायत विशेष सचिव रजनीश चंद्र तक पहुंची तो उन्होंन बलराम सिंह को मुख्यालय से अटैच कर दिया।

# नौबस्ता 100 बेड अस्पताल के लिए उपकरण व फर्नीचर का मिला बजट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सीएमओ के मुताबिक जल्द ही भर्ती होने के बाद शुरू होगा अस्पताल
- दक्षिण क्षेत्र में रहने वाले लाखों लोगों को मिलेगी इलाज में सहूलियत

**अमृत विचार।** नौबस्ता स्थित केशवनगर में 100 बेड अस्पताल के संचालन के लिए उपकरण व फर्नीचर का बजट स्वास्थ्य विभाग को मिल गया है। अब यहां पर उपकरण व फर्नीचर खरीदें जाएंगे और जल्द ही यहां पर डॉक्टरों व स्टाफ की भर्तियां भी की जाएंगी। हालांकि अभी यह तय नहीं है कि भर्ती कब तक शुरू होगी और कब खत्म होगी।

कानपुर दक्षिण क्षेत्र में रहने वाले लाखों लोगों को छोटी से लेकर गंभीर समस्या होने पर वर्तमान में इलाज के लिए लंबी दूरी तय कर हैलट, उर्सला व कांशीराम संयुक्त चिकित्सालय जाना पड़ता है। नौबस्ता में अस्पताल का निर्माण कार्य पूरा हुए करीब एक साल हो रहा है, लेकिन इसका संचालन अभी तक शुरू नहीं हो सका है। सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी ने बताया कि उपकरण व फर्नीचर के लिए बजट मिल गया है। अब जल्द ही डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, लैब टेक्नीशियन व चतुर्थ श्रेणी कर्मियों की भर्तियां होंगी। राज्य सरकार से मानव संसाधन (भर्तियों) की स्वीकृति भी हो चुकी है। भर्तियां होने के बाद अस्पताल का संचालन शुरू किया जाएगा।

**मानवाधिकार आयोग में दाखिल की गई याचिका:** सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामंत्री अधिवक्ता प्रवीण फाइटर ने मानवाधिकार आयोग में 100 बेड के इस अस्पताल के संचालन के संबंध में याचिका दाखिल की थी। याचिका में कहा गया कि 100 बेड का अस्पताल बनकर तैयार है, लेकिन क्षेत्रीय लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इसपर मानवाधिकार आयोग ने सीएमओ से रिपोर्ट मांगी थी। मानवाधिकार आयोग में दाखिल याचिका के एवज में रिपोर्ट लगाते हुए सीएमओ ने कहा है कि अस्पताल के संचालन के लिए उपकरण व फर्नीचर के लिए बजट मिल गया है। जल्द से जल्द कर्मचारियों की भर्ती कर अस्पताल का संचालन शुरू कराया जाएगा।

### 30 डॉक्टरों व 150 कर्मियों की होगी नियुक्ति

सीएमओ डॉ.हरिदत्त नेमी के मुताबिक इस 100 बेड के अस्पताल में नेत्र रोग, अस्थि रोग, बाह्य रोगी, दंत रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, नाक- कान व गला रोग, इमरजेंसी, सर्जरी व पैथोलॉजी विभाग की सुविधाएं मिलेंगी। इसके अलावा अस्पताल में आईसीयू, लेबर रूम, एक्सरे, अल्ट्रासाउंड और सीटी स्कैन की सुविधा भी मरीजों को उपलब्ध होगी। यहां पर 30 से अधिक डॉक्टरों व करीब 150 कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी।

# दिनदहाड़े थाने के बगल में दुकान में चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नौबस्ता थाने के ठीक बगल में बुधवार दिनदहाड़े बाइक सवार दो शातिरों ने बर्तन की दुकान में चोरी की। दुकान के बाहर बाइक सवार खड़ा रहा, दूसरा साथी हाथ त्रिशूल लेकर दुकान में घुसा। शातिर गुल्लक में रखे 25 हजार रुपये और करीब 50 हजार कीमत की मेटल मूर्तियां बोरी में भरकर फरार हो गये। दुकान के सीसीटीवी कैमरे में आरोपी और घटना कैद हो गई। दोनों आरोपी के चेहरे नजर आए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

न्यू आजादनगर स्थित भीम चौराहा निवासी सुजीत कुमार साहू ने बताया कि नौबस्ता थाने के बगल में उनकी बर्तन की दुकान है। जहां मेटल की मूर्तियां भी रखते हैं। उनके पिता राजकुमार साहू भी दुकान पर बैठते हैं। सुजीत के अनुसार बुधवार दोपहर उनके पिता करीब साढ़े ग्यारह बजे दुकान में ताला लगाकर अंदर कमरे में आराम करने चले गए थे। दोपहर करीब दो बजे जब वह दुकान पहुंचे तो अंदर सामान बिखरा मिला और गुल्लक खाली था। सामान बिखरा देखकर परिजनों ने सीसीटीवी कैमरे चेक किया तो पता चला कि बिना नंबर की बाइक से दो युवक आए थे। एक युवक बाहर बाइक के पास खड़ा रहा, जबकि दूसरा अंदर दाखिल हुआ। सिर पर गमछा बांधकर उसने करीब पांच मिनट में कुंडी खोल ली और दुकान में घुसकर गुल्लक से 25 हजार रुपये निकाले। इसके बाद दुकान में रखी करीब 50 हजार रुपये कीमत की मेटल मूर्तियां बोरी में भरकर बाहर निकला और साथी के साथ फरार हो गया। दोनों शातिर चेहरा खोलकर आए, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि या उन्हें कैमरे की जानकारी नहीं थी। नौबस्ता थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही है।



बाइक से आया चोर। अमृत विचार



दूसरा साथी हाथ में त्रिशूल लेकर दुकान में घुस रहा।

### दरवाजा तोड़कर सबमर्सिबल पंप चोरी

कानपुर। गोविंदनगर में चोरों ने घर का पिछला दरवाजा तोड़कर सबमर्सिबल पंप चोरी कर ले गए। ई ब्लॉक निवासी राजीव शुक्ला ने पुलिस को बताया कि एक मार्च की सुबह करीब करीब सात बजे चोरों ने उनके घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर सबमर्सिबल पंप चोरी कर ले गए हैं। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। दो युवक पंप ले जाते दिखाई दिए हैं। पीड़ित के अनुसार दो-तीन दिन से दोनों रेकी करते नजर आए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

# चाइनीज मांझे से युवक घायल, लगे 16 टांके

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- जाजमऊ के नया गंगापुल पर हुआ हादसा, मुकदमा दर्ज

**अमृत विचार।** जाजमऊ में नया गंगापुल पर बुधवार शाम बाइक सवार चाइनीज मांझे की चपेट में आकर घायल हो गया। युवक की गर्दन पर लंबा कट लगा। गंभीर हालत में उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां युवक की गर्दन में 16 टांके लगे हैं। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है।

चकेरी के शिवकटरा निवासी रघुवीर यादव बुधवार शाम को होली पर बाइक से अपने साले जयप्रकाश के साथ उन्नाव के झागरपुर जा रहे थे। रघुबीर ने बताया कि जयप्रकाश बाइक चला रहे थे। उसने हेलमेट पहना रखा था। जब बाइक नए गंगापुल के बीच में पहुंची तो कहीं से चाइनीज मांझा उनके हेलमेट में आकर फंस गया। हेलमेट के शीशे से नीचे गर्दन पर आकर रगड़ते हुए निकल गया। मांझे की रगड़ से जयप्रकाश की गर्दन पर लंबा घाव हो गया। जिससे दोनों बाइक सहित सड़क पर गिर पड़े। रघुवीर ने पुलिस को सूचना दी और घायल जय प्रकाश को तत्काल उपचार के लिए ले गए। जयप्रकाश का समीप के एक निजी अस्पताल प्राथमिक इलाज हुआ। वहीं पुलिस भी पहुंची। इलाज के बाद परिजन अस्पताल ले गए। जहां उपचार चल रहा है। रघुवीर ने बताया कि साले की गर्दन पर 16 टांके लगे हैं। जाजमऊ थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह ने बताया की अज्ञात के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है।

गुड न्यूज

अमेरिका-ईरान तनाव से सहमे शेयर बाजार में गुरुवार को नजर आई राहत

# निवेशकों ने युद्ध के कारण गंवाई कमाई वापस पायी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का असर शेयर बाजार पर साफ दिखाई दे रहा है। पहले हुई तेज बिकवाली से आई गिरावट के कारण शेयर बाजार आधारित योजनाओं में शहर से निवेशित पूंजी में करीब 1,500 करोड़ रुपये की कमी आने का अनुमान लगाया गया था, जिसकी गुरुवार को भरपाई होते नजर आई। शेयर बाजार ने उतार-चढ़ाव के बीच शानदार रिकवरी दर्ज की। कारोबार के अंत में सेंसेक्स जहां 899 अंकों की बढ़त के साथ 80,015.90 के स्तर पर बंद हुआ, वहीं निफ्टी 285 अंक चढ़कर 24,765 के स्तर पर बंद हुआ।

शहर के निवेशक सीधे तौर पर शेयरों में निवेश के साथ ही म्यूचुअल फण्ड तथा इंश्योरेंस कंपनियों द्वारा जारी किये जाने वाले यूलिप प्लान में भी निवेश करते हैं। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध के कारण बीते तीन दिनों की गिरावट से शहर के निवेशक दबाव में थे। लेकिन बाजार की रिकवरी ने उनके चिंता कुछ हद तक दूर की है। इतिहास गवाह है कि युद्ध या बड़े हमलों के बाद बाजार में पहले घबराहट आती है, लेकिन लंबी अवधि में अक्सर रिकवरी भी होती है। 2003 में इराक युद्ध के बाद शुरुआती गिरावट आई, लेकिन एक साल में अच्छा रिटर्न मिला।

उधर 2014 में क्रीमिया संकट के बाद भी बाजार ने समय के साथ मजबूती दिखाई। इसी तरह 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान तेज उतार-चढ़ाव रहा, पर कुछ महीनों बाद स्थिति संभली। विशेषज्ञों के मुताबिक अल्पकाल में डर हावी होता है, लेकिन दीर्घकाल में अर्थव्यवस्था और कंपनियों की बुनियाद ज्यादा मायने रखती है।

**मार्केट अभी पू री तरह मुश्किल से बाहर नहीं आया:** शेयर बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि होली के मौके पर आई गिरावट ने निवेशकों के पोर्टफोलियो का रंग फीका कर दिया था। लार्ज-कैप हो मिड-कैप या स्मॉल-कैप, बाजार की कोई भी श्रेणी गिरावट से अछूती नहीं रही। चौतरफा गिरावट का नेगेटिव असर शहर के निवेशकों पर पड़ा था, जिसकी गुरुवार को भरपाई होती नजर आयी। हालांकि मार्केट अभी पूरी तरह मुश्किल से बाहर नहीं निकला है, ऐसे में मौजूदा स्थिति को पुल बैक जैसा माना जाना चाहिए। मिडिल ईस्ट में युद्ध से बाजार को सबसे बड़ा खतरा तेल की कीमतों से है।

भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात करता है। अगर कच्चा तेल महंगा होता है तो कंपनियों की लागत बढ़ेगी और मुनाफा घटेगा, यही बाजार के लिए अभी नकरात्मक पहलू है।






जब बाजार गिरता है तो घबराहट स्वाभाविक है, लेकिन समझदारी इसी में है कि भावनाओं से नहीं, रणनीति से काम लिया जाए। आमतौर पर गिरावट के समय मजबूत फंडामेंटल और अच्छी विकास क्षमता वाली कंपनियों के शेयरों में किस्तों में निवेश किया जाता है। इससे जोखिम कम होता है और औसत खरीद मूल्य संतुलित रहता है। लेकिन अगर बाजार की दिशा समझ में नहीं आ रही हो, या उतार-चढ़ाव से असहज महसूस हो रहा हो, तो म्यूचुअल फंड के जरिए एसआईपी जारी रखना संतुलित और अनुशासित तरीका है। बाजार में धैर्य और अनुशासन ही लंबे समय में सबसे बड़ा लाभ देते हैं।

-राजीव सिंह, शेयर बाजार एक्सपर्ट

## सिटी ब्रीफ

### इंस्टाग्राम से दोस्ती किशोरी को बहकाकर ले गया युवक

**कानपुर।** नौबस्ता में इंस्टाग्राम पर दोस्ती कर युवक 13 वर्षीय किशोरी को बहलाकर अपने साथ ले गया। नाबालिग की मां ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मछरिया इलाके की रहने वाली महिला के अनुसार उनकी नाबालिग बेटी की इंस्टाग्राम पर प्रदीप वर्मा नामक युवक से दोस्ती हुई। इसके बाद उससे बातचीत होने लगी। आरोप है कि तीन मार्च की रात करीब दो बजे युवक उसे बहलाकर घर से अपने साथ ले गया है। बेटी की खोजबीन की, लेकिन उसका कही पता नहीं चला। सुबह करीब 7 .40 बजे बेटी के मोबाइल से कॉल आई, जिसमें युवक ने कहा कि उसे तलाशने की कोशिश न करें। अब वह नहीं लौटेगी। थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि आरोपी प्रदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी व आरोपी की तलाश की जा रही है।

### कार की टक्कर से कई राहगीर घायल, रिपोर्ट

**कानपुर।** नौबस्ता में मंगलवार देर रात तेज रफ्तार कार ने कई राहगीरों को टक्कर मार दी। घायलों को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। गंगापुर कालोनी निवासी सुभाष चंद्र साहू ने बताया कि मंगलवार रात कुशवाहा आटा चक्की के पास कार चालक किशन त्रिवेदी लापरवाही से वाहन चला रहा था। तभी उसने साहिल गुप्ता, शनि गुप्ता समेत कई लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में सभी घायल हो गए। घटना के बाद साहिल व शनि को उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। थाना प्रभारी बहादुर सिंह के अनुसार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### नशे में घर में घुसकर की मारपीट

**कानपुर।** किदवईनगर में नशे की हालत में पहले आरोपी ने पीड़ित को रोककर अभद्रता की, फिर घर में घुसकर उसे व उसके परिजनों से मारपीट व गाली-गलौज की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। जूही सफेद कालोनी निवासी राहुल केसरवानी ने दी तहरीर में बताया कि बीते मंगलवार को अंकित उर्फ इक्का नामक युवक नशे की हालत में उसके घर के पास चौराहा पर मिला और उससे अभद्रता की। इसके बाद अपने साथी के साथ उसके घर पहुंचा। घर में घुसकर उसे और घरवालों से मारपीट कर महिलाओं से अभद्रता की।

# होली पर कई हादसों में चार की मौत

## गुजैनी, कैंट, चकेरी व सचेंडी में हुए हादसे, तेज गति वाहनों से टकराए लोग, 50 से ज्यादा घायल भी हुए

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होली के हुड़दंग में शहर में बुधवार को 25 स्थानों पर हादसे हुए। हादसों में चार युवकों की जान गई। विभिन्न हादसों में 50 से ज्यादा लोग घायल हुए। जिसमें 30 लोग इलाज के बाद घर चले गए, जबकि 17 लोगों को हैलट में भर्ती कराया है। हादसों की खबर पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के परिजनों को सूचना दी। त्योहार के दिन परिजनों में कोहराम मच गया।


बाबू।

गुजैनी के रविदासपुरम निवासी 26 वर्षीय बाबू मजदूरी करते थे। माता-पिता की मौत हो चुकी है। परिवार में दो भाई दुर्गेश व प्रिंस है। बाबू अविवाहित था। भाइयों ने बताया कि बुधवार दोपहर वह बाइक से दोस्तों के साथ होली खेलने गोविंदनगर जा रहे थे। रास्ते में अंबेडकरनगर स्थित एक मेडिकल स्टोर के सामने पहुंचते ही सामने से आई तेज रफ्तार बाइक से उनकी भिड़ंत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घरवालों को खबर दी और बाबू को इलाज के लिए हैलट में भर्ती कराया। जहां देर रात इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। हादसे की खबर पर परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस के अनुसार बाबू हेलमेट नहीं लगाए था। जिस कारण सिर पर गंभीर चोट आई, जिससे उसकी जान गई। अगर हेलमेट पहने होता तो जान बच सकती थी।


घटना की जानकारी देते बाबू के परिजन। अमृत विचार

इसी तरह कैंट के झाड़ीबाबा पड़ाव के पास 26 वर्षीय युवक सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा मिला। समीप ही उसकी स्कूटी भी पड़ी थी। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे केपीएम में भर्ती कराया। युवक के पास मिले आधार कार्ड से उसकी पहचान कर परिजनों को खबर दी। बिहार के मोतीहारी पूर्वी चंपारण निवासी सुमन पटेल के रूप में युवक की पहचान हुई। पुलिस की सूचना पर अस्पताल पहुंचे साले रामजनम पटेल ने बताया कि वह करीब तीन साल से शहर में रहकर फैक्ट्री में काम करते थे। परिवार में पत्नी रिंकी और ढाई साल की बेटी है। केपीएम में उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार किसी तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आकर हादसा हुआ है।

### नाली में औंधे मुंह मिला सब्जी विक्रेता

**कानपुर।** सचेंडी में शराब के नशे में नाली में औंधे मुंह गिरकर युवक की मौत हो गई। चकरपुर निवासी 36 वर्षीय रामसगुन पाल सब्जी विक्रेता थे। बुधवार होली पर नशे की हालत में घर लौट रहे थे। रात में करीब एक बजे वह घर के बाहर नाली में औंधे मुंह पड़े मिले। पड़ोसियों की सूचना पर बड़े भाई रामनरायन मौके पर पहुंचे और उसे हैलट में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। राम नरायन ने बताया कि 10 दिन पहले उसकी पत्नी मनोरमा तीनों बच्चों के साथ मायके गई थी। इस समय वह घर में अकेले थे।

### डिवाइडर से टकराकर युवक की मौत

**कानपुर।** चकेरी में अहिरवां फ्लाईओवर पर डिवाइडर से टकराकर बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने पोस्टमार्टम से इनकार कर शव लेकर चले गए। घाऊखेड़ा निवासी 30 वर्षीय विशाल पाल टेनरी कर्मी थे। परिवार में पिता विशन पाल, मां रेखा पाल हैं। विशाल की शादीशुदा बहन वर्षा ने बताया कि बुधवार की दोपहर वह होली खेलने के बाद मां से सब्जी लाने की बात कहकर बाइक से निकला था। एक घंटे बाद पुलिस ने उन्हें सड़क हादसे में विशाल के घायल होने की सूचना दी। परिजन कांशीराम पहुंचे तो उसे मृत पाया। मौत की खबर पर परिजनों में चीख-पुकार मच गई। पुलिस के अनुसार मौके पर हेलमेट भी नहीं मिला है। इससे स्पष्ट है कि युवक हेलमेट नहीं पहने था।

### होली के दिन हुए घायल

हैलट इमरजेंसी के मेडिकल आफीसर डॉ. विनय कटियार ने बताया कि बुधवार को होली पर 25 स्थानों पर हुए सड़क हादसों में कुल 47 लोग घायल हुए। जिसमें राजेश, करन, धीरज सिंह, अमित सैनी, रौनक, रोहित, सोनू सिंह, अरविंद पासवान, जीतू, अंकित दुबे, सनोज, अभिषेक, किशनी लाल, कार्तिक सोनी, सूरज, प्रमोद, विमल, उत्तम, अतुल, विकास, राहुल, शिवा, राजकुमार, रौनक, स्वयं जायसवाल, वैष्णवी आदि घायल हो गए। जिसमें से 30 घायल इलाज कराकर अपने घरों को चले गए, जबकि हालत गंभीर होने पर 17 को भर्ती कराया गया है।

# लुटेरों ने सैन्यकर्मी और दोस्त को पीटकर नकदी-चेन लूटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नजीराबाद में जेके मंदिर के पास बुधवार शाम खड़े सैन्यकर्मी व उसके दोस्त पर बाइक सवार लुटेरों ने हमला कर दिया। गाली-गलौज कर गले से सोने की चेन लूट ली। विरोध पर हमलावरों ने अपने साथियों को बुलाकर मारपीट भी की। पुलिस ने एक आरोपी को दबोचा है।

फजलगंज निवासी अजीत गुप्ता ने बताया कि रामबाग का रहने वाला उनका दोस्त शुभम शुक्ला सेना में है। बुधवार शाम करीब पांच बजे वह उसके साथ जेके मंदिर के पास खड़े होकर बातचीत कर रहे थे। तभी दो बाइकों से चार युवक आए और अभद्रता व गाली-गलौज की। आरोप है कि बदमाशों ने शुभम के गले से करीब 15 ग्राम सोने की चेन और अजीत गुप्ता के गले से चांदी की चेन लूट ली। शुभम का आईफोन छीनने का भी प्रयास किया। विरोध करने पर बदमाशों ने धारदार हथियार निकाल लिए और हमला किया। अजीत के अनुसार आरोपियों ने फोन कर अपने साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में 12 से 15 लोग पहुंच गए और दोनों को घेरकर पीटने लगे। किसी तरह दोनों जान बचाकर भागे। पुलिस ने राहगीरों की मदद से लोहारन भट्ठा निवासी विजय कुमार को पकड़ा है, जबकि अन्य फरार हैं। नजीराबाद थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के साथियों की तलाश की जा रही है।

### बुजुर्ग दंपती को पीटा बेटे-बहू पर रिपोर्ट

**कानपुर।** किदवईनगर में मकान बंटवारे को लेकर बेटे व बहू ने बुजुर्ग दंपती से मारपीट की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी बेटे व बहू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। करपात्रीनगर एस ब्लॉक निवासी 74 वर्षीय महेश चंद्र अग्निहोत्री ने बताया कि वह पत्नी के साथ रहते हैं। आरोप है कि उनका बेटा शुभम व बहू आरती मकान के बंटवारे को लेकर आएदिन विवाद करते हैं। एक मार्च को दोनों ने बंटवारे का दबाव बनाकर मारपीट की। थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम के अनुसार रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# फंदे पर लटका मिला विवाहिता का शव, परिजनों का हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बेटी के ससुराल पहुंचे परिजनों ने किया हंगामा, ससुरालियों ने कर दी जमकर पिटाई

**अमृत विचार।** महाराजपुर में विवाहिता का शव बुधवार शाम को फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने 11 लाख रुपये व बाइक की डिमांड पूरी न होने पर हत्या का आरोप लगाया। घरवालों के हंगामा करने पर ससुरालियों ने विवाहिता के चाचा की जमकर पिटाई कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल कर शव पोस्टमार्टम भेजा।


सोनी।

कानपुर देहात के देवीपुर शिवली निवासी 25 वर्षीय सोनी की शादी 2020 में महाराजपुर के रामनगर निवासी ई-रिक्शा चालक भानु प्रताप पाल से हुई थी। उनके दो बच्चे अभिषेक व बेटी अनुप्रिया है। भाई मनीष ने बताया कि शादी के बाद से ही उसके ससुरालीजन 11 लाख रुपये व बाइक की मांग करने लगे थे। देने में अस्मर्थता जताई तो बहन से आएदिन मारपीट करने लगे थे। इसकी जानकारी बहन फोन पर देती थी। मनीष ने बताया कि एक साल पहले उसकी शादी में बाइक मिली थी। इसके बाद बहन के घरवाले जिद पर अड़ गए और पहले बाइक फिर रुपयों की डिमांड पूरी करने को कहा। उसकी शादी के बाद बहन को ज्यादा प्रताड़ित करने लगे थे। चाचा अजय पाल ने बताया कि बुधवार शाम को सोनी का शव फंदे पर लटका मिला। पड़ोसियों ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। घरवाले मौके पर पहुंचे तो बेटी का शव कमरे में पड़ा मिला। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाकर हंगामा करना शुरू कर दिया। इस पर ससुरालियों ने उनकी पटाई कर दी। महाराजपुर पुलिस पहुंची और परिजनों को शांत कराकर शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

# रंगदारी के लिए दबंगों ने पीटा, रुपये-चेन लूटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बजरिया के ब्रह्मनगर इलाके में होली के दिन दोपहर हुई घटना
- हिस्ट्रीशीटर ने होली पर 25 हजार रुपये मांगे थे, धमकी देकर भागे

**अमृत विचार।** बजरिया में होली पर 25 हजार रुपये रंगदारी न देने पर दबंगों ने युवक को दौड़ाकर पीटा। आरोप है कि जेब में रखे रुपये व गले से सोने की चेन भी लूट ली। जान से मारने की धमकी देकर आरोपी भाग निकले। मारपीट की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

सीसामऊ निवासी अमित मिश्रा ने बताया कि बुधवार दोपहर ब्रह्मनगर चौराहा पर स्वामी कैंटीन के पास होली पर दोस्तों से मिलने गए थे। तभी वहां मौजूद ओमनगर गली गुमटी नंबर पांच निवासी धीरू शुक्ला, नजीराबाद थाने का अपराधी आरकेनगर का गोलू पांडेय, भदौरिया चौराहा का प्रकाश कर्ण उर्फ विक्की व मनीष जायसवाल उर्फ केला समेत 10-12 लोगों ने उसे देखते ही गाली-गलौज कर दी। विरोध पर लात-घूसों व डंडों से जमकर पीटा। आरोप है कि जेब में पड़े छह हजार रुपये व चेन भी लूट ली। मारपीट देखकर आसपास मौजूद नवनीत मिश्रा, शैलेंद्र भदौरिया, राहुल त्रिवेदी व विनीत गुप्ता ने बीच-बचाव का प्रयास किया तो आरोपियों ने पथराव कर दिया। विरोध बढ़ता देख आरोपी धमकी देकर भाग निकले। पीड़ित ने बताया कि आरोपियों ने 25 हजार रुपये रंगदारी मांगी थी। विरोध करने पर हमला व लूट की है।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने धीरू, गोलू समेत 12 अज्ञात के खिलाफ मारपीट, जान से मारने की धमकी, रंगदारी व लूट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार शर्मा ने बताया कि प्रकाश कर्ण उर्फ विक्की अपाचे हिस्ट्रीशीटर है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

### हिस्ट्रीशीटर ने लाठी-डंडों से पीट किया लहूलुहान

**कानपुर।** बेकनगंज में रविवार को हिस्ट्रीशीटर ने युवक पर लाठी-डंडों से हमला कर उसे गंभीर घायल कर दिया। घायल को उर्सला में भर्ती कराया गया है। कर्नलगंज निवासी मो. सलीन ने बताया कि उसका भाई सुहान अपनी पत्नी को लेकर कुली बाजार स्थित ससुराल गया था। रविवार को वह पत्नी के साथ लौट रहा था। रास्ते में ग्वालटोली निवासी मेराज ने उसे रोक लिया और लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में सुहान गंभीर घायल हो गया। शोर मचाने पर लोग दौड़े तो आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घायल सुहान को परिजनों ने तुरंत उर्सला पहुंचाया। परिजनों ने बताया कि मेराज अपराधी है और कर्नलगंज थाने से हिस्ट्रीशीटर है। उसके खिलाफ कई थानों व अन्य जिलों में लूट, चोरी व जानलेवा हमले समेत मुकदमे दर्ज हैं।

# घर से निकला बालक लापता

**कानपुर।** गुजैनी में बुआ के घर रहकर पढ़ाई कर रहा 13 वर्षीय बालक संदिग्ध हालात में लापता हो गया। बालक साइकिल से निकला था। परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराई है। उन्नाव के बेहटा मुजावर जटपुर बेल्थरा निवासी फूलचंद्र ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा कपिल सिंह बर्रा-आठ निवासी अपनी बुआ विमला के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था। दो मार्च की सुबह करीब नौ बजे वह साइकिल से घर से निकला, लेकिन देर शाम तक नहीं लौटा। सूचना पर गुजैनी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर बालक की तलाश शुरू की है। थाना प्रभारी राजन शर्मा ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज देखे गए हैं। बालक साइकिल लेकर अकेले जाता दिखाई दिया है। उसकी तलाश में टीम लगी है।


कपिल।

### चार भाइयों पर रिपोर्ट

**कानपुर।** जूही में युवक को चार सगे भाइयों ने जातिसूचक गालियां देकर लाठी-डंडों व ईंट से पीटा। पीड़ित ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की और आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। जूही गढ़ा स्थित शहीद पार्क निवासी राजकुमार गौतम के अनुसार 26 फरवरी की शाम वह काम से घर लौट रहे थे। आरोप है कि तभी पड़ोस में रहने वाले अजय गुप्ता, विजय गुप्ता, संजय गुप्ता और अभय गुप्ता ने उन्हें रोककर जातिसूचक गालियां दी। विरोध पर चारों ने मारापीटा। भाई राकेश कुमार गौतम को भी पीट दिया। पीड़ित का आरोप है कि थाने में कार्रवाई न होने पर उन्होंने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की।

# पुराने विवाद में दोस्तों पर हमला, मुकदमा दर्ज

**कानपुर।** रेलबाजार में पुराने विवाद के चलते आरोपियों ने दो दोस्तों को मारापीटा और ईंट पत्थर से हमला कर लहुलुहान कर दिया। घटना के बाद पीड़ित ने रेलबाजार थाने में मामला दर्ज कराया है। चकेरी के गंगानगर पीएसी मोड़ निवासी आकाश पाल ने बताया कि वह कानपुर सेंट्रल पर टैक्सी चलाते हैं। उनके मित्र अभिषेक तिवारी भी टैक्सी स्टैंड पर काम करते हैं। आकाश के अनुसार बीती दो मार्च की देर रात रेलबाजार निवासी यश शुक्ला और उसके साथी राजा सिंह ने उन्हें धोखे से बुलाया और लोहे के पंच व ईंट पत्थर से वार कर लहुलुहान कर दिया। इसके बाद आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने रेलबाजार थाने में शिकायत की।

# केमिकल वाले रंगों से आंखों को नुकसान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- हैलट अस्पताल में दिनभर रही मरीजों की कतार, डॉक्टर भी रहे तैयार

**अमृत विचार।** होली के मौके पर वाहन चलाते समय लापरवाही बरतने और केमिकल युक्त रंगों से होली खेलना इस बार 150 से अधिक लोगों को भारी पड़ गया। इनमे से 15 लोगों के आंखों की कार्निया में इंजरी इस कदर आई की इमरजेंसी में भर्ती कर डॉक्टरों को उनका इलाज शुरू करना पड़ा। वहीं, बिना हेलमेट के बाइक चलाने पर किसी वजह से गिरे लोगों के सिर में चोट लगने पर 30 लोग अस्पताल पहुंचे।

सिर्फ हैलट अस्पताल में ही बुधवार को 120 मरीज भर्ती किए गए हैं। 14 लोगों के आंखों की कार्निया में इंजरी की समस्या होने पर उनको देखने में तकलीफ होने लगी। जबकि पांच मरीज आंखों में जलन की समस्या से ग्रस्त होकर पहुंचे। जबकि सिर में चोट लगने की वजह से घायल 30 लोग ऐसे पहुंचे, जिनमे से कुछ की सिर की हड्डी तक टूट गई थी। वहीं, हाथ व पैर में चोट आने पर 15 लोगों को हड्डी विभाग में भर्ती किया गया। हैलट अस्पताल के प्रमुख अधीक्षक डॉ.सौरभ अग्रवाल के मुताबिक अस्पताल में पहले से ही तैयारी कर डॉक्टरों की ड्यूटी तय कर दी गई थी।

उर्सला, केपीएम व कांशीराम अस्पताल में भी 50 से अधिक मरीज घायल अवस्था, मारपीट में घायल, केमिकल युक्त रंग से त्वचा व आंखों को हुई दिक्कत की वजह से पहुंचे, जिनमे बच्चे भी शामिल थे। सीएमओ ने बताया कि सभी अस्पतालों की इमरजेंसी में संपूर्ण इलाज की व्यवस्था की गई थी।

**समस्या** — होली के बाद अपने काम पर लौटने लगी भीड़, विमान में आज से कई दिनों तक सीट के लिए मारामारी

# ट्रेनों में फर्श भी खाली नहीं, धक्का-मुक्की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोरखपुर और लखनऊ से मुंबई जाने वाली ट्रेनों के अलावा सेंट्रल स्टेशन से नई दिल्ली जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस, श्रमशक्ति एक्सप्रेस समेत किसी भी ट्रेन में अगले सप्ताह तक कोई सीट खाली नहीं है, जिन ट्रेनों में सीटें खाली हैं, उनको पाने के लिए तत्काल कोटा या जुगाड़ टेक्नालॉजी से जूझना पड़ रहा है। ट्रेनों के साधारण कोच में चढ़ने के लिए धक्का मुक्की का सामना करना पड़ रहा है।

गुरुवार को बिहार, बंगाल, गोरखपुर, वाराणसी की ओर से आने वाली ट्रेनों का बुरा हाल रहा। जनरल कोचों में चढ़ने के लिए यात्रियों से धक्का मुक्की करना पड़ी। स्लीपर क्लास में भी यात्रियों ने जबरन कब्जा कर लिया जिससे आरक्षण कराए यात्रियों से मारपीट की नौबत आई। कानपुर से नई दिल्ली जाने वाली श्रमशक्ति में फर्श भी खाली नहीं है क्योंकि ये ट्रेन कानपुर से छूटने के बाद सीधे दिल्ली रुकती है जिससे फर्श भी फुल चल रही है । इसी प्रकार वाराणसी से नई दिल्ली जाने वाली वंदेभारत एक्सप्रेस में अगले सप्ताह तक सीट के लिए तत्काल कोटा या फिर सेटिंग गेटिंग का भी रास्ता बचता है। लखनऊ और गोरखपुर से मुंबई जाने वाली ट्रेनों का बुरा हाल है, कुशी नगर एक्सप्रेस में किसी भी श्रेणी में कोई बर्थ खाली नही है। इसी प्रकार लखनऊ से पुण जाने वाली ट्रेन की प्रतीक्षा सूची 200 के पार है। होली स्पेशल ट्रेनों की हालत इतनी पतली है कि उसमें जल्दी कोई सफर नहीं करना चाहता है क्योंकि ये स्पेशल ट्रेन कब पहुंचेगी, रेलवे वाले भी भी नहीं जानते। जहां खड़ी हो गयी, घंटों खड़ी रहती है। कानपुर से दिल्ली की दूरी जहां वीआईपी ट्रेनें 5 घंटे में पहुंचाती हैं, वहीं स्पेशल ट्रेनें 10 से 15 घंटे तक ले रही हैं। होली का त्योहार खत्म होने के बाद लोग अपने कामों पर वापस लौट रहे हैं, स्थिति ये है कि राजधानी एक्सप्रेस, ब्रह्मपुत्र, विक्रम शिला, पूर्वा, सीमांचल एक्सप्रेस, हमसफर एक्सप्रेस, मगध, फरक्का, हावड़ा राजधानी, भुवनेश्वर राजधानी, श्रमजीवी एक्सप्रेस, नेता जी एक्सप्रेस, रांची गरीब रथ समेत अधिकांश ट्रेनों में अगले सप्ताह तक सीट उपलब्ध नहीं है।


सेंट्रल स्टेशन पर उमड़ी यात्रियों की भीड़। अमृत विचार

### कानपुर से छतरपुर के लिए विशेष ट्रेन आज

**कानपुर।** होली की भीड़ को देखते हुए रेलवे प्रशासन ने गाड़ी संख्या 04165/04166 कानपुर सेंट्रल - महाराजा छत्रसाल छतरपुर अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि ये गाड़ी कानपुर सेंट्रल स्टेशन से शुक्रवार 6 मार्च 2026 को जाएगी जबकि महाराजा छत्रसाल छतरपुर से 7 मार्च शनिवार को कानपुर के लिए रवाना होगी। इस ट्रेन में स्लीर 18, पार्सल के 2 डिब्बे होंगे। गाड़ी संख्या 04165 कानपुर सेंट्रल स्टेशन से शुक्रवार को रात 10 बजे रवाना होगी। घाटमपुर रात 11.02 बजे, हमीरपुर रोड रात 11.19 बजे, भरवा सुमेरपुर रात 11.40 बजे, महोबा रात 2 .45 बजे, महाराजा छत्रसाल छतरपुर प्रातः 6 बजे पहुंचेगी। गाड़ी संख्या 04166 महाराजा छत्रसाल छतरपुर से शनिवार को सायं 5 .30 बजे रवाना होगी। महोबा रात 8 .50 बजे, भरवा सुमेरपुर रात 10 .42 बजे, हमीरपुर रोड रात 11.05 बजे, घाटमपुर रात 11.23 बजे, कानपुर सेंट्रल स्टेशन रात 2 .15 बजे पहुंचेगी।



### विमान भी फुल, किराया आसमान पर

गुरुवार को विमानों में कोई सीट खाली नहीं थी और किराया भी आसमान से बातें कर रहा था लेकिन जिन्हें जाना था, किराये की परवाह किये बिना ही सफर तय किया। गुरुवार को बेंगलुरु से कानपुर की फ्लाइट दोपहर 12 .39 बजे 223 यात्रियों को लेकर आई और दोपहर 1 .18 बजे 227 यात्रियों को लेकर बेंगलुरु के लिए उड़ान भरी। बेंगलुरु का किराया 10 हजार के पार पहुंच चुका है। इसी प्रकार दिल्ली की फ्लाइट दोपहर 2 .02 बजे आई लेकिन इस फ्लाइच में यात्री केवल 144 ही थे। ये फ्लाइट जब कानपुर से दिल्ली के लिए दोपहर 2 .36 बजे उड़ान भरी तो भी इसमें 169 यात्री ही थे। मुंबई की फ्लाइट दोपहर 2 .42 बजे कानपुर आई तो इस फ्लाइट में 166 यात्री ही थे, जबकि मुंबई के लिए दोपहर 3 .03 बजे 205 यात्रियों को लेकर रवाना हुई।

# मेट्रो ने ग्रीनबेल्ट चौड़ी की, सड़क कर दी संकरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी ने मेट्रो प्रशासन पर लगाया आरोप
- आज शहर आ रहे मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायत

**अमृत विचार।** शास्त्री चौक से बाईपास तक मेट्रो का कार्य किया जा रहा है। गोविंद नगर से भाजपा विधायक सुरेंद्र मैथानी को ने निरीक्षण कर आरोप लगाया कि मेट्रो द्वारा ग्रीन बेल्ट को चौड़ा तो कर दिया गया है, लेकिन तीन लेन की सड़क को संकरी कर दिया है, जिस वजह से वाहनों को आवागमन में दिक्कत का सामना करना पड़ेगा।


सुरेंद्र मैथानी।

विधायक सुरेंद्र मैथानी का आरोप है कि मेट्रो प्रबंधन जान बूझकर पिलर से अधिक चौड़ी ग्रीन बेल्ट विकसित कर रहा है। इससे तीन लेन की सड़क अब सिंगल लेन हो गई है, जिसकी वजह से जाम की समस्या का सामना वाहन सवार लोगों को करना पड़ रहा है। वहीं, भविष्य में यह जाम की समस्या और विकराल होगी। विधायक का कहना है कि मेट्रो डबल पुलिया से शास्त्री चौक तक ग्रीन बेल्ट में पिलर का निर्माण करा रहा है। लेकिन शास्त्री चौक चौराहे से बाईपास तक पिलर से 24 फुट एक तरफ और 24 फुट दूसरी तरफ सड़क को छोटा कर बहुत चौड़ी यानी 48 फीट चौड़ी ग्रीन बेल्ट के नाम पर चौड़ा कर रहा है। शास्त्री चौक के आगे बाईपास तक मात्र एक किलोमीटर दूरी पर सड़क को टू लेन एक तरफ से और टू लेने दूसरी तरफ से छोटा कर दिया जा रहा है। जबकि रावतपुर स्टेशन के सामने मात्र पिलर की चौड़ाई तक ही ग्रीनबेल्ट के नाम पर ग्रीन बेल्ट को समेटा गया है। इसके अलावा सड़क को चौड़ा किया गया है। लेकिन शास्त्री चौक से बाईपास तक पिलर काफी चौड़े कर सड़क कम कर दी गई है।

इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शहर आगमन पर उन्हें अवगत कराया जाएगा।

## सिटी ब्रीफ

### मेमू ट्रेन में गुम मासूम सेंट्रल पर मिली

**कानपुर।** खजुराहो से कानपुर सेंट्रल स्टेशन आ रही मेमू ट्रेन में बहराइच निवासी एक यात्री की 5 वर्ष की मासूम गुम हो गयी। कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर जीआरपी प्रभारी ओम नारायण सिंह की अगुवाई में छानबीन करके मासूम को बरामद कर लिया गया।

### हजरत इमाम हसन का जन्मदिन मनाया

**कानपुर।** तंजीम बरेलवी उलमा-ए-अहले सुन्नत की ओर से चमनगंज में हजरत इमाम हुसैन के बड़े भाई हजरत इमाम हसन का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर तंजीम के सदर हाफिज व कारी सैयद फैसल जाफरी ने विचार रखे। हाफिज मोहम्मद खालिद, हाफिज मोहम्मद आमिर अजहरी, हाफिज हस्सान मौजूद रहे।

### पंचानन मिश्र का सम्मान किया

**कानपुर।** उप्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के जनसंपर्क विभाग के संयुक्त महाप्रबंधक पंचानन मिश्र को 10वें आईआईएमसीए पुरस्कार समारोह में पीआर पर्सन ऑफ द इयर से सम्मानित किया गया। यह सम्मान वर्ष 2025 में किए गए बेहतर कार्य की वजह से दिया गया। इस संबंध में मेट्रो के एमडी सुशील कुमार ने पंचानन मिश्र को शुभकामनाएं दी। बताया कि आईआईएमसी प्रतिवर्ष 10 वर्गों में पुरस्कार प्रदान करता है।

### शहर में पसरी गंदगी

**कानपुर।** होली के मौके पर छुट्टी होने की वजह से शहर में कई जगहों पर गंदगी फैली रही, जिसकी वजह से शहरवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जबकि नगर आयुक्त अर्पित उपध्याय ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि जिन जगहों पर गंदगी पसरी मिलेगी, वहां के जोन अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### मोटापा कम करने को होगी मेडिकल मीट

**कानपुर।** मोटापा बढ़ने की वजह से शरीर में कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए शहर में बैरियाट्रिक सक्सेस मीट का आयोजन आठ मार्च को किया जाएगा। इसका उद्देश्य मोटापे से जूझ रहे लोगों को जागरूक करना और सफल उपचार की कहानियों को सामने लाना है। गोष्ठी में गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जन शामिल होंगे। वहीं, स्वास्थ्य शिविर में कई प्रकार की जांचें की जाएंगी।

### आज आखिरी मौका

**कानपुर।** नए मतदाता बनने के लिए चलाए गए अभियान के तहत अपने शहर में 2.25 लाख युवाओं ने आवेदन किया है। अब मतदाता बनने के लिए शुक्रवार को आखिरी मौका है। नाम पता गलत होने पर संशोधन के लिए 72 हजार आवेदन आ चुके हैं जबकि नाम कटवाने के लिए 9 हजार आवेदन आए हैं।

# सीएसजेएमयू को सिमेगो रैंकिंग में 174वां स्थान

## वैश्विक रैंकिंग में विश्वविद्यालय पिछले वर्ष 244वें स्थान पर रहा था

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




**अमृत विचार।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर ने सिमेगो रैंकिंग में 174वां स्थान हासिल किया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर घोषित की जाने वाली इस रैंकिंग में पिछले वर्ष सीएसजेएमयू 244वें स्थान पर ही रहा था। विश्वविद्यालय की ओर से रैंकिंग में इस सुधार को बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

रैंकिंग में इनोवेशन श्रेणी में विश्वविद्यालय ने 298वें स्थान से सुधार करते हुए 106वां स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह सोसाइटल इम्पैक्ट में 69वें स्थान से सुधार करते हुए 59वां स्थान हासिल किया है। इसके अतिरिक्त, भारत में रिसर्च रैंकिंग में विश्वविद्यालय 462वें स्थान पर रहा है। विषय-विशेष प्रदर्शन के तहत विश्वविद्यालय ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। एग्रिकल्चर एंड बायलॉजिकल साइंसेज विषय क्षेत्र में विश्वविद्यालय ने भारत में 9वां स्थान प्राप्त किया है, जबकि बायोकैमेस्ट्री विषय क्षेत्र में 232वां स्थान हासिल किया है। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया कि सिमेगो इंस्टीट्यूशन रैंकिंग एक प्रतिष्ठित वैश्विक रैंकिंग प्रणाली है, जो विश्व भर के विश्वविद्यालयों और शोध संस्थानों का मूल्यांकन शोध प्रदर्शन, नवाचार तथा सामाजिक प्रभाव जैसे प्रमुख मानकों के आधार पर करती है। यह रैंकिंग स्कोपस डेटाबेस में प्रकाशित शोध कार्यों और उनके प्रभाव के आधार पर तैयार की जाती है। इस कारण यह रैंकिंग किसी भी विश्वविद्यालय की वैश्विक शोध क्षमता, नवाचार क्षमता और समाज पर उसके प्रभाव का महत्वपूर्ण संकेतक मानी जाती है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनय कुमार पाठक ने कहा कि यह उपलब्धि विश्वविद्यालय के शिक्षकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों तथा कर्मचारियों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शोध, नवाचार तथा समाजोन्मुखी गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसका सकारात्मक परिणाम अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में दिखाई दे रहा है। उन्होंने विश्वविद्यालय परिवार को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए भविष्य में और अधिक उत्कृष्ट प्रदर्शन की अपेक्षा व्यक्त की।

## हम सब को जहन्नुम की आग से निजात दिला दे

**कानपुर।** मदरसा अरबिया रज्जाकिया मदीनतुल उलूम पानी की टंकी बांस मंडी में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया जिसमें अल्लाह की बारगाह में जहन्नुम की आग से निजात दिलाने की दुआ की गई।

गुरुवार को रोजा इफ्तार में मदरसा के प्रधानाचार्य हाफिज अब्दुर्रहीम ने रमजानुल मुबारक की फजीलत बयान फरमाई कि यह माह जब आता है तो बरकत और रहमत लेकर आता है और जब जाता है तो गुनाहों की बख्शिश के साथ जाता है। इस महीने में नेकियां सत्तर गुना बढ़ जाती हैं। इसलिए ये मौका हाथ से न जाने दें।

मौलाना फिरोज हाजी आसिफ रईस, हाजी नसीम अयाज अहमद, हाफिज परवेज, हाजी नूर सुल्तानपुरी, हाजी अतीक, मोहम्मद सईद, परवेज अहमद गुड्डू, हाजी वकील अहमद, वसीम, मोहम्मद मुस्तकीम, साबिर अली, मोहम्मद इमरान आदि मौजूद रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# कृषि सखियों ने स्वावलंबन-समृद्धि से दिखाया आत्मनिर्भरता का रास्ता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर


कृषि सखी विनय कुमारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रदेश की योगी सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति'' और 'राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन' का असर अब जमीन पर दिखने लगा है। कृषि सखियों के प्रयास गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भरता का रास्ता दिखा रहे हैं। घाटमपुर के मवई माधो और जुरैया गांव की ''कृषि आजीविका सखियों'' ने अपनी मेहनत और जज्बे से साबित किया है कि यदि सही मार्गदर्शन और अवसर मिले, तो देश की महिला शक्ति खेती-किसानी में तकदीर बदल सकती है।

मवई माधो गांव की विनय कुमारी का ''बजरंग बली सहायता समूह'' आज एक सशक्त स्वयं सहायता समूह है। वर्ष 2022 और 2024 में कृषि प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद विनय ने खुद को अपने खेत तक सीमित नहीं रखा, बल्कि आज वे 40 ग्रामीण महिलाओं को उन्नत खेती के गुर सिखाकर आत्मनिर्भर बना रही हैं।

- चूल्हे-चौके की दहलीज लांघकर खेत-खलिहान की 'एक्सपर्ट' बनीं कृषि सखियां

विनय गांव की अन्य महिलाओं के लिए सशक्तिकरण की मिसाल भी हैं। इसी तरह जुरैया गांव की किरण देवी ''महालक्ष्मी स्वयं सहायता समूह'' के जरिए महिलाओं के जीवन में खुशहाली का रंग भर रही हैं। अब तक 119 महिलाओं को जागरूक कर चुकीं किरण देवी की सबसे बड़ी उपलब्धि मिट्टी की सेहत के प्रति उनकी सजगता है। उन्होंने अब तक 100 से अधिक खेतों का मृदा परीक्षण सुनिश्चित कराया है, ताकि किसानों को उर्वरकों के सही उपयोग की जानकारी मिल सके। वह रासायनिक खादों के दुष्प्रभाव बताकर प्राकृतिक खाद और ''वेस्ट डीकंपोजर'' जैसी तकनीकों को बढ़ावा दे रही हैं।

# फोरलेन सड़क निर्माण के लिए 287 किसानों की जमीन होगी अधिग्रहित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सरसौल के नर्वल मोड़ से साढ़ होते हुए डिफेंस कॉरिडोर तक फोरलेन सड़क के लिए प्रक्रिया तेज हो गई है। अधिग्रहण के लिए भूमि चिह्नित कर लोक निर्माण विभाग ने अधिसूचना भी जारी कर दी है। ताकि किसी को आपत्ति हो तो वह दर्ज करा सके। भूमि का अधिग्रहण आपसी सुलह समझौते के आधार पर होगा। 287 काश्तकारों से 10 दिन के अंदर आपत्ति मांगी हैं।

प्रयागराज हाईवे के सरसौल स्थित नर्वल मोड़ से डिफेंस कॉरिडोर तक अभी टू लेन सड़क है। इस सड़क को फोर लेन किया जाना है। नर्वल मोड़ से साढ़ होते हुए डिफेंस कॉरिडोर तक 16 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क का निर्माण होना है। लोक निर्माण विभाग करीब 190 करोड़ रुपये खर्च करेगा। सड़क पांच से सात मीटर चौड़ी सड़क है। कॉरिडोर में निवेश के कारण अब सड़क का चौड़ीकरण बहुत ही जरूरी है। हादसे का भी खतरा बना रहता है। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यह सड़क दोनों ओर नौ-नौ मीटर चौड़ी की जाएगी। साथ ही डेढ़ मीटर का डिवाइडर भी बनेगा। इस रोड पर सरसौल स्टेशन पर बने आठ सौ मीटर लंबे रेलवे ओवरब्रिज के समानांतर दूसरा आरओबी और इससे आगे सचौली में 71 मीटर लंबे पुल का निर्माण भी किया जाएगा, जिसको शासन से स्वीकृति मिल गई है। वहीं, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने फोरलेन सड़क की जद में आ रही भूमि को अधिग्रहण करने के लिए 287 काश्तकारों की सूची भी तैयार कर ली है। अब किसान अपनी भूमि किसी को बेच नहीं सकेंगे। बैनामा न हो सके इसके लिए निबंधन विभाग को भी संबंधित गाटा संख्या की सूची दे दी गई है। अधिशासी अभियंता अनूप कुमार मिश्र के मुताबिक डिफेंस नोड के फेज टू के निर्माण के लिए स्वीकृति मिल गई है।

वहीं, 12 किमी लंबे फोरलेन रोड का निर्माण साढ़ से जहानाबाद रोड तक भी किया जाना है। बजट आने के बाद टेंडर प्रक्रिया की कार्रवाई शुरू की जाएगी।



### रमईपुर से कॉरिडोर तक फोर लेन सड़क बन रही है

- रमईपुर से साढ़ स्थित डिफेंस कॉरिडोर तक सड़क का चौड़ीकरण हो रहा है। इस सड़क के चौड़ी होने से दो सड़कें कॉरिडोर को मिल जाएंगी। ऐसे में वहां इकाई लगाने वालों को अपने उत्पाद लाने ले जाने जाने और वहां तक कच्चा माल ले जाने में आसानी होगी।

- नर्वल मोड़ से साढ़ होते हुए डिफेंस कॉरिडोर तक फोरलेन सड़क का निर्माण होना है, अधिसूचना जारी की गई
- आपसी सहमति के आधार पर भूमि का अधिग्रहण होना है, अधिसूचित भूमि की बिक्री नहीं कर सकेंगे किसान



> सरसौल से डिफेंस कॉरिडोर फोर लेन मार्ग न सिर्फ गांवों के विकास में अहम भूमिका अदा करेगा बल्कि डिफेंस कॉरिडोर के आसपास नए निवेश का आधार बनेगा। रमईपुर से डिफेंस कॉरिडोर मार्ग भी फोर लेन बन रहा है। इससे आवागमन सुगम होगा और ग्रामीण भी फर्राटा भर सकेंगे।
>
> – देवेंद्र सिंह भोले, सांसद

> काश्तकार भूमि अधिग्रहण को लेकर अपनी आपत्ति 10 दिनों के अंदर प्रस्तुत करा सकते हैं। इसके बाद किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।
>
> – अनूप कुमार मिश्रा, अधिशासी अभियंता



खामनेई की मौत पर शिया मुसलमानों ने जताया विरोध। अमृत विचार

# काले कपड़े पहनें, काले परचम लहराएं लोग : शिया उलेमा बोर्ड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** ईरान के सुप्रीम आयतुल्लाह खामेनाई पर किये गये अमेरिका-इजरायल हमले के विरोध में शिया उलेमा बोर्ड ने इमाम बारगाह आगामीर ग्वालटोली मकबरा में विरोध जताते हुए मजलिस मातम किया और आह्वान किया कि काले कपड़े पहनें और मोहल्लों और घरों में काले परचम लहराएं।

शिया उलेमा बोर्ड की जानिब से मकबरा ग्वालटोली में आयोजित मजलिस में लोग काले कपड़े पहनकर आए थे। इस मजलिस को मौलाना फिरोज, मौलाना कमर, मौलाना कम्बर, अबूजर काजमी, मौलाना इंतिख़ाब आलम, मौलाना नुसरत आबिदी, मौलाना फाजिल हुसैन ,मौलाना मेराज अली, मौलाना अजहर अब्बास, मौलाना शाहिद बाकरी, मौलाना हामिद हुसैन एवं मौलाना आलमदार हुसैन ने विचार रखे। उलेमा ने आह्वान किया कि मुसलमानों से अपील किया कि इस गम के मौके पर ज्यादा से ज्यादा सोग व अजादारी का एहतिमाम करें, घरों और मोहल्लों में सियाह (काले) परचम लहराएं, सियाह लिबास (काले कपड़े) इख्तियार करें और इज्तिमाई दुआओं (सामूहिक प्रार्थना) का इनकाद (आयोजन) करें। मौलाना हामिद हुसैन मौलाना नसीम अब्बास, डॉ. ज़ुल्फ़िकार अली रिजवी, नजरे आलम जाफरी ,हाशिम रिजवी, फुरकान हैदर, शहंशाह हुसैन थे।

- अमेरिका-इजरायल की गुस्ताखी के विरोध में शांति पूर्वक विरोध करते रहेंगे



कर्नलगंज में दुआएं करते लोग। अमृत विचार

# जंग में फंसे भारतीयों की वापसी के लिए दुआएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** पैगम्बर ए इस्लाम के नवासे शहजाद ए हजरत अली इमाम हसन की यौम ए विलादत (जन्मदिन) पर खानकाहे हुसैनी में दुआ की गई कि अमेरिका-इजरायल-ईरान के मध्य चल रही जंग में फंसे भारतीय सकुशल अपने वतन वापस आ जाएं।

गुरुवार को खानकाहे हुसैनी हजरत ख्वाजा सैय्यद दाता हसन सालार शाह की कर्नलगंज ऊंची सड़क स्थित दरगाह में हजरत इमाम हसन का जन्मदिन मनाया गया। दोपहर में पहले कुरानख्वानी हुई, फिर शोरा ने कलाम पेश किये। कार्यक्रम की शुरुआत हाफिज मोहम्मद कफील हुसैन ने कुरआन पाक की तिलावत से किया। खादिम खानकाहे हुसैनी इखलाक अहमद डेविड चिश्ती ने कहा कि रमजानुल मुबारक के रहमत के महीने मे इजरायल अमेरिका द्वारा ईरान में रोजेदारों नमाजियों और बच्चों पर बमों की बारिश कर रहा है और दुनियाभर के मुल्क खामोश हैं। हाफिज मोहम्मद अरशद उवैशी ने अल्लाह की बारगाह में दुआ की। जमालुद्दीन फारुकी, हाफिज मोहम्मद असद वाहिदी, मोहम्मद वसीम, परवेज आलम वारसी, मोहम्मद राहिल, नफीस बरकाती, हाफिज मोहम्मद गुफरान, शौकत अली, मोहम्मद मेहनाज, मोहम्मद अजहर, मोहम्मद मुज्जम्मिल फारुकी, एजाज अहमद, जियाउद्दीन फारुकी, मोहम्मद जैद खादिम खानकाहे हुसैनी अफजाल अहमद आदि मौजूद रहे।

- खानकाहे हुसैनी में हजरत इमाम हसन की याद में जलसा

# रोजेदारों ने अमेरिका और इजरायल को कोसा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रमजान-उल-मुबारक के बाबरकत महीने में अमेरिका और इजरायल के द्वारा ईरान पर बमबारी करके की जा रही मासूम की हत्याओं के विरोध में रोजेदारों ने अमेरिका और इजरायल को कोसा जबकि ईरान की हिफाजत के लिए दुआएं की गईं।

गुरुवार को कानपुर महानगर कांग्रेस द्वारा गरीब नवाज गेस्ट हाउस,बांसमंडी में रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। मेराज आलम मंसूरी के संयोजन में आयोजित इफ्तार में महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने विशेष तौर पर शिरकत की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रोजेदारों के अलावा कानपुर शहर के कांग्रेस नेता, गणमान्य नागरिक, उलेमा, सामाजिक कार्यकर्ता एवं विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधियों ने सहभागिता कर आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। आलोक मिश्रा,राजेश गौतम,राकेश साहू,विनोद अवस्थी,नौशाद आलम मंसूरी,लल्लन अवस्थी,बलवीर सिंह यादव,नूर आलम अज्जू,जावेद उस्मानी,शकील मंसूरी आदि थे।


बासमंडी में रोजा इफ्तार में शिरकत करते कांग्रेसी अमृत विचार

# सेंट्रल स्टेशन अलर्ट मोड में, कंट्रोल रूम से निगरानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होली पर यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए कानपुर सेंट्रल स्टेशन पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। जीआरपी और आरपीएफ की टीमें 24 घंटे सीसीटीवी कैमरे से नजर बनाए हुए हैं।

प्रयागराज मंडल रेल प्रबंधक रजनीश अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन से निदेशक आशुतोष सिंह के निर्देश पर कानपुर सेंट्रल पर यात्रियों एवं ट्रेनों की सुरक्षा की मजबूत तैयारियां की गई हैं। अतिरिक्त यात्री भार को नियंत्रित करने के लिए आवश्यकता अनुसार विशेष एवं "ट्रेन ऑन डिमांड"रेलगाड़ियां संचालित की जा रही हैं ताकि यात्रियों को उनके गंतव्य तक सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके।

शुक्रवार को कानपुर सेंट्रल स्टेशन से छतरपुर तक विशेष ट्रेन चलेगी।

## रास्ते में पड़ा मिला युवक का शव

**घाटमपुर।** रेउना थाना क्षेत्र के ग्राम चैनापुर में गुरुवार दोपहर एक युवक का शव गांव के बाहर कच्चे रास्ते पर मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर जांच पड़ताल कर साक्ष्य जुटाए।

ग्राम प्रधान चैनापुर ने पुलिस को सूचना दी कि गांव के बाहर गेहूं के खेत के पास आम के पेड़ के नीचे कच्चे रास्ते पर एक युवक का शव पड़ा है और उसके गले में रस्सी बंधी हुई है। पुलिस ने जांच शुरू की। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान गांव निवासी अमन सचान उम्र 20 वर्ष पुत्र रमेश सचान के रूप में की। युवक के गले में प्लास्टिक की पतली रस्सी बंधी हुई थी, जबकि रस्सी के दूसरे सिरे पर फंदेनुमा गांठ लगी मिली।

**निर्वाचन** | अगले महीने पूरी कमेटी की घोषणा किए जाने का निर्णय लिया गया

# अशोक किदवई नगर उद्योग व्यापार मण्डल अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** किदवई नगर मार्बल मार्केट में व्यापारियों की आम सभा हुई। इसमें कानपुर दक्षिण क्षेत्र के किदवई नगर उद्योग व्यापार मंडल का अध्यक्ष अशोक शुक्ला को मनोनीत किया गया। इस दौरान यह भी निर्णय किया गया कि एक महीने के भीतर पूरी कमेटी की घोषणा की जाएगी।

आम सभा में भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश अध्यक्ष ज्ञानेश मिश्र ने कहा कि कानपुर दक्षिण क्षेत्र की सबसे बड़ी बाज़ार किदवई नगर में व्यापारियों की कई समस्याएं हैं। इसलिए संगठन के पुनर्गठन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मार्बल मार्केट की पुरानी फर्म ललित मार्बल के मालिक अशोक शुक्ल को किदवई नगर उद्योग व्यापार मंडल का अध्यक्ष सर्वसम्मत से बनाकर संगठन को मजबूत किया जा रहा है। कार्यक्रम में नवमनोनीत किदवई नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष अशोक शुक्ला ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के लिए वह हमेशा खड़े हैं। व्यापारियों की समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा और एक माह के अंदर किदवई नगर उद्योग व्यापार की संपूर्ण कमेटी का गठन किया जाएगा। आम सभा में भारतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के दक्षिण वरिष्ठ महामंत्री केके गुप्ता, प्रदेश युवा संगठन महामंत्री विनायक पोद्दार ,टास्क फोर्स संयोजक पवन गौड़ , दक्षिण युवा वरिष्ठ महामंत्री प्रखर श्रीवास्तव मौजूद रहे।


नए पदाधिकारियों के साथ व्यापारी नेता। अमृत विचार

## सिटी ब्रीफ

### पंजीकरण पर संशोधन

**कानपुर।** सेवायोजन विभाग की ओर से युवाओं को पंजीकरण में संशोधन का मौका दिया गया है। युवा इसके लिए विभाग आकर अपना पंजीकरण संशोधित करा सकते हैं। इसके लिए युवाओं को अपने मूल प्रमाण पत्र साथ लाने होंगे। सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि संशोधन के साथ ही पंजीकरण अपडेट भी किए जा सकेंगे। यह संशोधन 11 मार्च से 20 माच तक होगा।

### बढ़ सकता तापमान

**कानपुर।** शहर में अब तापमान में अधिकता दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग की ओर से बताया गया कि हवाओं के रुख में परिवर्तन से अधिकतम तापमान में तीन दिनों के भीतर 2 से डिग्री तक की अधकिता दर्ज की जा सकती है। गुरुवार को विभाग की ओर से 31.3 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। यह सामान्य से 3 .3 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। इसी तरह न्यूनतम तापमान 15 .2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### आशा बहू बनकर गर्भवती महिला से की ठगी

**शिवराजपुर।** चिरंजीवपुरवा गांव निवासी कुलदीप पुत्र छक्कन ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 28 फरवरी को मेरी पत्नी अनीता जो कि 7 माह की गर्भवती है। उसके मोबाइल पर अज्ञात महिला ने आशा बहू बनकर बातचीत की । उसके बाद उसके खाते 14,160 रुपये कट गए। इसके बाद उसे अपने साथ ठगी होने की जानकारी हुई।

### बीच बचाव करने पहुंचे व्यक्ति को पीटा

**शिवराजपुर।** महिपालपुर गांव में झगड़े में बीच बचाव करने पर बचाने वाले को ही एक पक्ष ने जमकर पीट दिया। पीड़ित के भाई ने थाने में तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। क्षेत्र के थाती नेवादा गांव निवासी अजीत कुमार ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि 4 मार्च को गांव के सरवन पुत्र मनोज से गांव के ही विनोद व दीपक के झगड़े में मेरे चचेरे भाई विवेक ने बीच बचाव कर दिया था। उस समय झगड़ा शांत हो गया व दोनों पक्ष अपने-अपने घर चले गए। लेकिन देर शाम को होली जलने के स्थान पर विनोद व श्याम सिंह ने मेरे भाई विवेक से गाली गलौज करने लगे जब उसनेइसका विरोध किया तो दोनों ने विवेक को जमकर मारा पीटा। इससे विवेक को गंभीर चोटें आई हैं।



परमट में राधा कृष्ण के रास ने मन मोहा। अमृत विचार



गंगा किनारे होली की धूम। अमृत विचार

### मेले में मिले गले

आर्य नगर में बुधवार शाम को पारंपरिक होली मेला आयोजित हुआ। इस मेले में शहर के विभिन्न राजनैतिक दलों के लोगो ने आकर स्थानीय लोगों से गले मिल होली का उत्साह बढ़ाया। स्थानीय लोगों ने भी मेले में आ रहे अतिथियों पर फूल बरसाकर व चंदन का तिलक लगाकर स्वागत किया।

### क्लब व सोसाइटी में उत्साह

होली पर शहर के विभिन्न क्लब व सोसाइटी में भी रंग चला। सासाइटी में लोगो ने एक साथ रंग खेला। यहां पर राधा कृष्ण की झांकियां भी आकर्षण बिखेर रहीं थी। स्वरून नगर, तिलक नगरख् पांडु नगर सहित अन्य सोसाइटी में रंगोत्सव के बाद शाम को होली पार्टियां भी आयोजित हुई। एक दूसरे के गले मिल होली की बधाई दी।

# शहर में चला झमाझम रंग, मस्ती में झूमे होरियारे

## आर्य नगर चौराहे पर हुई कपड़ा फाड़ होली, क्लब और सोसाइटी भी गुलजार, आनंदेश्वर मंदिर में भक्तों ने उड़ाया गुलाल, जागेश्वर महादेव मंदिर में भी चला रंग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** होली पर शहर में झमाझम रंग चला। आर्य नगर में मशहूर कपड़ा फाड़ होली खेल पर्व का रंग दोगुना किया गया। शहर के मंदिरों में भी महादेव संग भक्तों ने अबीर गुलाल के बीच जयघोष लगाए। क्लब और सोसाइटी में भी गुलाल उड़ा माहौल को भव्य किया गया।

गुमटी, आर्य नगर, नवाबगंज, विष्णुपुरी, आजाद नगर सहित अन्य इलाकों में रंग भरी टोलियां भी निकलीं। इन टोलियों ने इलाकों में लोगों को रंगों से सराबोर किया। आर्य नगर चौराहे पर सुबह से ही होली की मस्ती छाई रही। दोपहर तक यहां पर हजारों होरियारे इकट्ठे हो गए। रंगों के पटाखों, तेज डीजे संगीत और रंग की बौछार के बीच युवाओं ने होली की मस्ती को शीर्ष तक पहुंचा दिया। अन्य इलाकों में भी होली का उत्साह चरम पर रहा।

**होली खेल निकाली झांकी:** बाबा श्री आनंदेश्वर मित्र मंडली की ओर से होली पर्व पर भक्तों ने महादेव संग होली खेली। इस दौरान मंदिर के कोठारी महंत महाकाल गिरी, जूना अखाड़ा इच्छागिरी जी महाराज, संयोजक अभय मिश्रा सहित अन्य ने भक्तों की टोली का नेतृत्व किया। भक्तों की ओर से इस दौरान महादेव पर 251 किलो गुलाल व अबीर, सौ ग्राम इत्र, फूल भक्तों की ओर से बरसाए गए। भक्तों की ओर से इस दौरान बाबा के जयघोष से माहौल में उत्साह आ गया। मंदिर में होली खेलने के बाद भक्तों की टोली चुन्नीगंज स्थित शनिदेव मंदिर पहुंची। रास्ते में राधाकृष्ण, शंकर पार्वती, मशान की होली जैसी झांकी भी रही। यह यात्रा रास्ते में लोगों को अबीर से सराबोर करते हुए चल रही थी। यात्रा का कई जगहों पर स्वागत भी किया गया। शनिदेव मंदिर पहुंचने के बाद सभी भक्तों ने यहां पर विश्राम किया।



किदवई नगर में मनोहारी नृत्य। अमृत विचार

### फूलों की होली हुई

- शहर में जागेश्वर महादेव मंदिर और सिद्धनाथ मंदिर में भक्तों की ओर से फूलों की होली खेली गई। जागेश्वर मंदिर में जागेश्वर मंदिर महासभा की ओर से बाबा पर बेले के फूलों से होली खेली गई। इसके बाद महादेव पर अबीर व गुलाल बरसाया गया। उधर सिद्धनाथ मंदिर में भी भक्तों की ओर से महादेव का नीले फूलों से श्रृंगार कर दुग्धाभिषेक किया गया। यहां पर गंगा भक्तों की ओर से भी होली खेली गई।



गंगा किनारे होली उत्सव में नृत्य करता कलाकार। अमृत विचार



आर्यनगर में टब में होली खेलतीं युवतियां। अमृत विचार



परमट में शिव तांडव। अमृत विचार



आर्यनगर में होली खेलते युवा। अमृत विचार

## होली मिलन



अभिवादन करते कैबिनेट मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

### फूलों की हुई होली

**कानपुर।** अग्रवाल समाज कानपुर महानगर की ओर से अग्रसेन भवन किदवई नगर के ब्लॉक में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान सभी सदस्यों को राजस्थानी पगड़ी पहनाई गई। विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम के जरिए माहौल में उत्साह लाया गया। इसके अलावा फूलों की होली, शंकर पार्वती नृत्य, रेन डांस, ठंडाई और गेम्स डांस प्रतियोगिता के जरिए कार्यक्रम में भव्यता लाई गई। आयोजन में हुई विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को इनाम भी दिए गए। कार्यक्रम संयोजक आदित्य पोद्दार, अध्यक्ष गिरिराज अग्रवाल, बालकृष्ण देवड़ा , श्रवण कुमार अग्रवाल , अरुण अग्रवाल, अखिलेश बाजोरिया सहित अन्य मौजूद रहे।



सांसद रमेश अवस्थी का किया स्वागत । अमृत विचार

### एनडीए का होली मिलन

**कानपुर।** राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन एनडीए की ओर से होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान एनडीए गठबंधन के सभी घटक दल के पदाधिकारी भाजपा, सुहेलदेव पार्टी ,राष्ट्रीय लोक दल , अपना दल ,निषाद पार्टी ,लोक जनशक्ति पार्टी शामिल हुए। सांसद रमेश अवस्थी के निवास पर हुए आयोजन में हर्बल गुलाल से होली भी खेली गई। इस दौरान पंचगव्य से बना कानपुर गौशाला सोसाइटी के गुलाल को भी सभी ने एक दूसरे को लगाया। कार्यक्रम में सुरेश गुप्ता, अनिल दीक्षित, आलोक श्रीवास्तव, मोहम्मद उस्मान, अनुज सोनी, रामप्रताप पाल सहित अन्य मौजूद रहे।

## बच्चों को मिले उपहार

**कानपुर।** श्री महाराजा अग्रसेन वंशज सभा की आरे से 'पारिवारिक होली मिलन समारोह' मनाया गया। पार्वती बाग्ला रोड स्थित कृष्णा धाम में हुए आयोजन में केसर व चंदन का टीका लगाकर सभी का अभिनंदन किया गया। इसके बाद फूलों की होली हुई। खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ ही रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित हुए। इनमें 2 वर्ष से 5 वर्ष के बच्चों को उपहार, 6 वर्ष से 15 वर्ष के बच्चों को शैक्षिक उपहार, महिलाओं को विशेष उपहार वितरित किये गये। संयोजक आलोक अग्रवाल, महामंत्री गोपाल अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश चन्द्र अग्रवाल, अध्यक्ष गोविंद प्रसाद अग्रवाल, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनुराग अग्रवाल, मंत्री मधुप अग्रवाल, प्रवीन राज अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।



होली उत्सव में खूब मस्ती की। अमृत विचार



सम्मेलन में राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला व पूर्व सांसद अनिल शुक्ल वारसी। अमृत विचार

## कवि सम्मेलन में छूटी हास्य-व्यंग की पिचकारी

**कानपुर।** ओमर वैश्य नवयुवक संघ ने होली उत्सव के तहत 78वां हास्य-परिहास कवि सम्मेलन बिरहाना रोड स्थित ज्ञान भारती बालिका इंटर कॉलेज में आयोजित किया। महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला, अधीक्षण अभियंता, सिंचाई विभाग कौशलेश प्रसाद पांडेय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर शुभारंभ किया। कवि सम्मेलन में कवियों ने हास्य और व्यंग्य की प्रस्तुतियों से श्रोताओं को देर रात तक गुदगुदाया। मयूर ग्रुप के निदेशक महेश गुप्ता और सुरेश गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। लखन ओमर, सांसद रमेश अवस्थी, विधायक सलिल विश्नोई, डॉ. श्यामबाबू गुप्ता उपस्थित रहे।

# बदमाशों ने युवक से बैराज पर 2.70 लाख रुपये लूटे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नवाबगंज थाना क्षेत्र में ऑटो सवार बदमाशों ने बुलेट खरीदने निकले युवक को शहरभर घुमाने के बाद बहाने से गंगा बैराज एनआरआई सिटी सूनसान जगह ले गया, जहां बदमाशों ने मारपीट कर युवक से 2.70 लाख रुपये, दो मोबाइल और कपड़े लूट लिए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बदमाशों की तलाश कर रही है।

फतेहपुर के जहानाबाद खजुरिहा निवासी उमाकांत तिवारी साकेतनगर में रह रहे है। उमाकांत तिवारी के मुताबिक दो मार्च को वह 2.70 लाख रुपये नकद लेकर बुलेट खरीदने निकले थे। इस दौरान सबसे पहले सागर मार्केट में मोबाइल की मरम्मत कराई, फिर नवीन मार्केट से कपड़े खरीदे। खरीदारी के बाद शाम को परेड चौराहे से एक ऑटो में बैठ गए, जिसमें पहले से दो युवक मौजूद थे। ऑटो में बैठा एक युवक बार-बार थूकने का बहाना कुछ हरकतें कर रहा था। शक होने पर वह बीच रास्ते उतर गए और पैदल चलने लगे। बड़ा चौराहा पहुंचने पर फिर से उसी ऑटो चालक ने बारा देवी व पराग डेयरी चलने की बात कही। उसमें पहले से सवार दो लोगों के बीच में बैठाने के बाद तेज आवाज में गाने बजाते हुए शहर के अलग-अलग इलाकों में चालक घूमता रहा।

इसके बाद चालक ने गंगा बैराज से बिठूर की ओर जा रही सड़क के पास एनआरआई सिटी गेट नंबर दो के पास ऑटो रोकी, विरोध करने पर बदमाशों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। बदमाशा बैग में रखें 2.70 लाख रुपये, दो मोबाइल फोन व कपड़े लूट लिए। वारददात को अंजाम देने के बाद आरोपित धमकी देकर भाग निकले। नवाबगंज थाना प्रभारी केशव कुमार तिवारी ने बताया कि तहरीर पर अज्ञात आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**कवायद** रेलवे और पर्यावरण मंत्रालय से एनएच पीडब्ल्यूडी ने मांगी एनओसी, रेलवे ने एनओसी देने के लिए विभाग से पांच लाख रुपये शुल्क मांगा है

# एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए टेंडर की तैयारी शुरू हुई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोल चौराहे से रामादेवी चौराहा तक एलिवेटेड रोड प्रोजेक्ट को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से मंजूरी मिलने के साथ ही अब एनएच पीडब्ल्यूडी ने टेंडर की तैयारी शुरू कर दी है। यहां से प्रपत्र तैयार कर मंत्रालय भेजा जाएगा फिर वहां से टेंडर मांगे जाएंगे। इसके साथ ही रेल मंत्रालय और पर्यावरण मंत्रालय से एनओसी लेने की कवायद भी तेज कर दी गई है। रेलवे ने एनओसी देने के लिए पांच लाख रुपये मांगे हैं। विभाग यह राशि जमा करेगा इसके बाद ही अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलेगा।

एलिवेटेड रोड के निर्माण के लिए 20 दिसंबर को सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सैद्धांतिक सहमति दी थी। इसके बाद पीडब्ल्यूडी एनएच के अधीक्षण अभियंता ने निर्माण के लिए वन एवं पर्यावरण मंत्रालय और रेल मंत्रालय में अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर दिया था। रेल मंत्रालय की एनओसी के लिए पांच लाख रुपये शुल्क मांगा था। यह राशि जमा कर दी गई है।

अब अनापत्ति प्रमाण पत्र जल्द ही रेलवे से मिल जाएगा। रही बात पर्यावरण मंत्रालय की तो जल्द ही आपत्ति मांगी जाएगी। इसके निस्तारण के बाद एनओसी मिलेगी। इसके बाद परियोजना के लिए टेंडर मांगे जाएंगे। उम्मीद है कि टेंडर अप्रैल में मांग लिए जांएगे, क्योंकि इसी वर्ष हर हाल में निर्माण शुरू करने का लक्ष्य है।



### 20 बार बदली गई डीपीआर

- एलीवेटेड रोड डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट ( डीपीआर ) 20 बार बदली गई। सैद्धांतिक मंजूरी से पहले नौ सितंबर 2025 को सड़क परिवहन मंत्रालय की टीम ने रामादेवी से आईआईटी तक निरीक्षण किया था। टीम ने उस समय जमीन अधिग्रहण से बचते हुए डीपीआर में सुधार के निर्देश दिए थे। इसके बाद डिजाइन पुन : बदली गई और डीपीआर में संशोधन किया गया। फिर दिसंबर में इसे सैद्धांतिक सहमति मिली और अब बजट स्वीकृत किया गया।

### पुन: होगा शिलान्यास समारोह

- परियोजना के लिए जल्द ही फिर से शिलान्यास समारोह का आयोजन किया जाएगा। वैसे तो विधानसभा चुनाव से पहले लखनऊ में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस परियोजना की आधारशिला रखी थी।

### 10.2 किलोमीटर लंबी होगी एलिवेटेड रोड

- एलिवेटेड रोड की लंबाई 10 .2 किलोमीटर की होगी। झकरकटी बस अड्डा, जरीब चौकी और सीओडी क्रासिंग के पास यातायात का दबाव काफी है। इन तीनों स्थानों में एलीवेटेड से चढ़ने-उतरने के लिए रैंप बनाए जाएंगे।

### 58 धार्मिक स्थल हटेंगे

- एलिवेटेड जीटी रोड निर्माण के लिए 58 धार्मिक स्थलों हटाए जाएंगे। इनमें 57 मंदिर और 1 मस्जिद शामिल है। इनका चिन्हांकन कर लिया गया है। हिंदू संगठन चाहते हैं कि जो मंदिर हटाए जाएं उनके स्थान पर नए मंदिर का निर्माण किया जाए , लेकिन एनएच पीडब्ल्यूडी ने इस संबंध में अभी कोई फैसला नहीं किया है। वैसे झकरकटी पुल बनाते समय एक मंदिर के बदले में पास में ही नया मंदिर बनाया गया था।

### यहां लगता है अभी जाम

- जरीब चौकी,अफीम कोठी, झकरकटी स्थित कोपरगंज मोड़, झकरकटी बस स्टेशन, टाटमिल चौराहा और श्याम नगर मोड़ पर जाम लगता है। जब यह एलिवेटेड रोड बन जाएगी तो जाम की समस्या का समाधान हो जाएगा। टाटमिल चौराहा पर तो कई बार घंटे- घंटे भर लोग जाम में फंसते हैं। ऐसे में इसकी मंजूरी से अब शहरवासी बहुत ही खुश हैं और उम्मीद कर रहे हैं जल्द निर्माण शुरू होगा।

